रोहतक, शनिवार 18 जुलाई 2026 ■ आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष-05 ■ वर्ष : 30, अंक : 164 ■ पृष्ठ : 12 मूल्य : 3.00 मौसम अधि. 40.6, न्यून. 25.0 haribhoomi.com




हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


# जींद से चली दुनिया की सबसे लंबी हाइड्रोजन ट्रेन, पीएम ने दिखाई हरी झंडी

**5वां देश** जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन चीन के बाद भारत के नाम यह उपलब्धि

**112** करोड़ रुपये के करीब खर्च हुए परियोजना पर

**89 किलोमीटर का सफर करीब 2 घंटे में पूरा करेगी**

**5 से 25 रुपये के बीच रहेगा किराया**

## ऐसी है हाइड्रोजन ट्रेन

**110** किमी प्रति घंटा अधिकतम स्पीड

**75** किमी प्रति घंटा ऑपरेटिंग स्पीड

**356** किमी एक बार सफर करेगी फ्यूल भरने पर



**300** किलो हाइड्रोजन खपत प्रतिदिन

**682** सीटें, कुल 2600 यात्री बैठ सकेंगे

**1200** किलोवाट प्रत्येक पावर कार

**10** कुल कोच, 8 पैसेंजर डिब्बे, 2 इंजन

### कितनी खपत

ट्रेन रोजाना दो चक्कर लगाएगी, जिसमें 356 किमी की दूरी तय की जाएगी और अनुमानित 300 किग्रा हाइड्रोजन की खपत होगी। ट्रेन 1 किलो हाइड्रोजन में करीब 1.2 किमी सफर करेगी।

### कैसे बनती है हाइड्रोजन

पानी (एचओ) हाइड्रोजन और ऑक्सीजन से मिलकर बना है। जब पानी को बिजली के जरिए एक खास प्रोसेस से दो हिस्सों- हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में अलग किया जाता है। इस तरह हाइड्रोजन बनती है।

### जींद-सोनीपत रूट क्यों चुना

इसकी 2 वजह हैं। पहली- इस रूट पर ट्रैफिक कम है। रोजाना 8 ट्रेनें चलती हैं। दूसरी- दिल्ली से नजदीक (जींद 145 किमी दूर) है। रेलवे निगरानी के लिए तकनीकी सहायता मुहैया करना और पायलट ट्रायल करना आसान हुआ। यह नॉन इलेक्ट्रिफाइड वाला ब्रॉड-गेज मार्ग है।

### खर्चा एक नजर में

पहली हाइड्रोजन ट्रेन परियोजना पर करीब 112 करोड़ खर्च हुए हैं। इसमें ट्रेन को हाइड्रोजन तकनीक में बदलने के साथ जींद में हाइड्रोजन उत्पादन, स्टोरेज और रीफ्यूलिंग जैसी सुविधाएं भी शामिल हैं। ट्रेन का डिजाइन और इंटीग्रेशन चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री (आईसीएफ) में तैयार किया गया। इसमें 3 कंपनियां जुड़ी हैं। जींद रेलवे स्टेशन के पास देश का पहला हाइड्रोजन स्टोरेज और रिफ्यूलिंग प्लांट बनाया गया है, जहां से हाइड्रोजन ट्रेन में ईंधन भरा जाएगा।

# अब हरित ऊर्जा क्रांति

## पीएम मोदी बोले-जींद का घी और घेवर तो नहीं बदला, लेकिन तेवर बदल गए

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। यह ट्रेन जींद से सोनीपत के लिए रवाना हुई। इसके साथ ही नई हरित क्रांति का आगाज हो गया है। इसके साथ ही भारत हाइड्रोजन से चलने वाली ट्रेन शुरू करने वाला दुनिया का पांचवां देश बन गया। इससे पहले जर्मनी, फ्रांस, स्वीडन और चीन में हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा- 'जींद-सोनीपत के बीच चलने वाली यह ट्रेन दुनिया की सबसे ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेन है। इस ट्रेन को भारत के इंजीनियरों ने डिजाइन किया है और भारत की ही कंपनी ने बनाया है।' 10 कोच वाली यह ट्रेन जींद-सोनीपत रूट पर 14 स्टेशनों के बीच अधिकतम 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी। इसका किराया 5 से 25 रुपए के बीच रखा गया है। ट्रेन 89 किलोमीटर का सफर करीब 2 घंटे में पूरा करेगी। पहले दिन यह ट्रेन सुबह 11:22 पर जींद से चली और ठीक दो घंटे बाद दोपहर 1:22 बजे सोनीपत पहुंच गई। मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि इतने वर्षों में जींद का घी और घेवर तो नहीं बदला, लेकिन जींद के तेवर बदल गए हैं। आज जींद, बीजेपी-एनडीए के सुशासन मॉडल की तस्वीर बन रहा है। बीते वर्षों में पूरा हरियाणा ही, विकास की नई पटरी पर चल पड़ा है।

### इन प्रोजेक्ट्स का भी उद्घाटन-शिलान्यास

- कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का उद्घाटन।
- पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय मेडिकल कॉलेज, भिवानी का उद्घाटन।
- महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज एवं राव तुलाराम अस्पताल, नारनौल का उद्घाटन।
- अंबाला-काला अंब नेशनल हाईवे का उद्घाटन।
- जींद-गोहाना नेशनल हाईवे का उद्घाटन।
- सिख संग्रहालय, कुरुक्षेत्र का शिलान्यास।
- हांसी-बरवाला नेशनल हाईवे का उद्घाटन।
- दिल्ली-अमृतसर-कटरा हाईवे (हरियाणा सेक्शन 157.92 किमी) का उद्घाटन।

**स्वच्छ ऊर्जा से संचालित :** हाइड्रोजन ट्रेनें पारंपरिक जीवाश्म ईंधन (डीजल) का एक बेहतरीन विकल्प हैं। यह न केवल कार्बन उत्सर्जन को कम करती हैं, बल्कि इन्हें सतत विकास का स्तंभ भी माना जाता है। इस प्रक्रिया के बाद केवल पानी की भाप और जलवाष्प ही बाहर निकलते हैं, जिससे प्रदूषण लगभग शून्य हो जाता है। हाइड्रोजन ट्रेनों के इस्तेमाल से भारी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन रुकता है। जलवायु परिवर्तन से निपटने और हवा को शुद्ध बनाए रखने में यह तकनीक मददगार है।

**स्वच्छता को अपना संस्कार बनाएं :** मोदी ने कहा कि पिछले हफ्ते सोशल मीडिया पर सफाई अभियान देख रहा था। यदि जींद के लोग संकल्प ले लें, तो स्वच्छता को अपना स्वभाव और संस्कार बनाकर हर दिन की जिंदगी का हिस्सा बना सकते हैं। 1925 से 2014 तक 90 साल में देश के रेल नेटवर्क का केवल 30% बिजलीकरण हुआ था। पिछले 12 वर्षों में करीब 99% रेल नेटवर्क का बिजलीकरण हो चुका है। यदि होर्मुज स्ट्रेट में युद्ध जैसी स्थिति 2014 से पहले बनती तो डीजल आपूर्ति प्रभावित होने से रेलवे भी संकट में आ सकता था।

## हरियाणा के लिए आज का दिन ऐतिहासिक : नायब सिंह सैनी

इस अवसर पर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, हरियाणा की करीब पौने तीन करोड़ जनता की ओर से आपका हृदय की गहराइयों से स्वागत करता हूं। आज का यह अवसर केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि विकसित भारत के अमृत संकल्प और राष्ट्र निर्माण की सामूहिक चेतना का प्रतीक है। आज सिर्फ परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास नहीं हो रहा, बल्कि यह दिन पूरे हरियाणा के लिए ऐतिहासिक बन गया है। ग्रीन एनर्जी के संकल्प का परिणाम है कि देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन का गौरव हरियाणा और हमारे जींद को मिला है। आप 140 करोड़ भारतीयों के संकल्प के सारथी हैं। आपने केवल योजनाएं नहीं बनाईं, बल्कि देश की दशा और दिशा दोनों बदली हैं। आज भारत संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ रहा है। पहले भारत दुनिया से तकनीक मांगता था, लेकिन अब दुनिया भारत की तकनीक और नवाचार की ओर देख रही है। वैश्विक निवेशक भारत में अवसर तलाश रहे हैं। आज पूरी दुनिया कह रही है कि यह नया भारत है, यह मोदी की गारंटी वाला भारत है।



(विस्तृत पेज-2 पर)

### खबर संक्षेप

## हरियाणा बोर्ड : 20-21 से मिलेगी 12वीं की मार्कशीट

**भिवानी।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड ने सीनियर सेकेंडरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा मार्च-2026 के विद्यालयी, गुरुकुल एवं विद्यापीठों के परीक्षार्थियों के प्रमाण-पत्र, कंपार्टमेंट/अनुत्तीर्ण कार्ड और माइग्रेशन प्रमाण-पत्र वितरण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। बोर्ड के अनुसार, ये दस्तावेज 20 जुलाई से प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) कार्यालयों के माध्यम से वितरित किए जाएंगे। बोर्ड अध्यक्ष शंकर लाल धूपड़ एवं सचिव मुनीश शर्मा ने बताया कि विद्यालय 20 जुलाई और 21 जुलाई को विद्यार्थियों के प्रमाण-पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

**कंट्रोल टावर को निशाना बनाया छठी रात ईरान पर एयरस्ट्राइक की**

# अमेरिका का भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट पर अटैक

**तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी (एजेंसी)।** अमेरिका ने शुक्रवार को लगातार छठी रात ईरान पर एयरस्ट्राइक की। इस दौरान भारत के निवेश वाले चाबहार पोर्ट को भी निशाना बनाया गया। हमले में पोर्ट के कंट्रोल (निगरानी) टावर को नुकसान पहुंचा है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कंट्रोल टावर के क्षतिग्रस्त होने की तस्वीर भी शेयर की है। ईरानी समाचार एजेंसी मेहर ने चाबहार पोर्ट और कंट्रोल टावर पर अमेरिकी हमले की पुष्टि की है। पिछले एक हफ्ते में इस टावर पर यह तीसरा हमला है। अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने बताया कि फाइटर जेट, ड्रोन और युद्धपोतों से ईरान के कई सैन्य ठिकानों पर हमला किया गया। हमलों में तटीय निगरानी केंद्र, एयर डिफेंस सिस्टम,



सैन्य लॉजिस्टिक्स और समुद्री सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। चाबहार पोर्ट भारत के लिए रणनीतिक रूप से अहम है। भारत ने इसके विकास में निवेश किया है और इसका संचालन भारतीय कंपनी इंडिया पोर्ट्स ग्लोबल लिमिटेड कर रही है। यह बंदरगाह भारत को पाकिस्तान को बायपास कर अफगानिस्तान और मध्य एशिया तक व्यापारिक पहुंच उपलब्ध कराता है।

### होर्मुज में तनाव से तेल महंगा, 13 फीसदी बढ़े दाम

होर्मुज स्ट्रेट में आवाजाही बाधित होने से अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में करीब 2% की तेजी आई है। दोनों ब्रेंट क्रूड और डब्ल्यूटीआई इस हफ्ते अब तक करीब 13% चढ़ चुके हैं। ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.53 डॉलर (1.82%) बढ़कर 85.76 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गई, जबकि डब्ल्यूटीआई क्रूड 1.69 डॉलर (2.14%) की बढ़त के साथ 80.64 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

*जींद में वारदात, सीना-सिर छलनी किया*

## मां की बरसी पर कारोबारी की गोलियां मारकर हत्या

**जींद (हरिभूमि न्यूज)।** जींद में एक कारोबारी की 6 गोलियां मारकर हत्या कर दी गई। गांव के ही एक युवक ने उनके सिर, छाती और पेट में गोलियां मारीं। एक गोली कारोबारी के पेट से आरपार हो गई। मृतक की पहचान सफीदों के हाट गांव के गुरुदत्त (32) के रूप में हुई है। गुरुदत्त की मां की आज बरसी थी। कार्यक्रम के बाद गुरुदत्त गांव में ही अपनी दुकान पर चले गए। इसके बाद आरोपी ने दुकान पर आकर फायरिंग शुरू कर दी। गोली लगते ही गुरुदत्त लहूलुहान होकर मौके पर ही गिर गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि गोली मारने के बाद आरोपी हथियार लहराकर फरार हो गया। परिजनों ने उन्हें सफीदों के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने उन्हें पानीपत के लिए रेफर कर दिया। वहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

**सरेआम हथियार लहराते हुए आरोपी फरार**

# प्रदेश में 3 दिन सताएगी उमस गर्मी का येलो अलर्ट जारी

**हरियाणा (हरिभूमि टीम)।** मानसून की रफ्तार सुस्त पड़ने से हरियाणा में बारिश नहीं हो रही है। मौसम विभाग और हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के अनुसार, राज्य में अगले तीन दिन तक लोगों को उमस भरी गर्मी का सामना करना पड़ेगा। हालांकि, राहत की बात यह है कि 20 जुलाई के बाद मानसून एक बार फिर एक्टिव होगा और राज्य में बारिश का दौर शुरू होने की संभावना है। मौसम विभाग ने प्रदेश में गर्मी का येलो अलर्ट जारी किया है। मानसून ट्रफ की उत्तरी सीमा इस समय जम्मू, देहरादून, शाहजहांपुर, बस्ती, पटना, बांकुरा, उड़ीसा और पश्चिम बंगाल से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। यह ट्रफ धीरे-धीरे हिमालय की तलहटियों की तरफ बढ़ रही है।

**20 से मानसून होगा एक्टिव बारिश का दौर शुरू होगा, मिलेगी राहत**

### देश के 60 फीसदी हिस्से में फिर छाए बादल

**नई दिल्ली।** देश के करीब 50-60% हिस्से में फिर बादल छाए दिख रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया की वजह से यूपी, बिहार समेत पूर्वोत्तर में बारिश हो रही है। यहां अगले 7 दिनों में तेज बारिश का अलर्ट है। वहीं, ऑल इंडिया वेदर के मुताबिक भूमध्य रेखा के पास भी एक और सिस्टम एक्टिव हो रहा है। इन दो नए सिस्टम के एक्टिव होने से 20 से 30 जुलाई के बीच मध्य प्रदेश समेत उत्तर और मध्य भारत में बारिश की संभावना है। जुलाई के पहले सप्ताह में मानसून आने के बाद जम्मू-कश्मीर में 15 दिनों में 16 बार बादल फटे हैं। कश्मीर मौसम केंद्र के मुताबिक, आने वाले दिनों में ऐसी घटनाएं और बढ़ सकती हैं। तमिलनाडु में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है।

**■ यूपी-बिहार में 7 दिन तेज बारिश का अलर्ट**

### वंदे मातरम के अपमान और विदेशी चंदे पर सख्ती की तैयारी

## मानसून सत्र 20 से, सात बिल ला सकती है सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 20 जुलाई से शुरू होने वाले संसद के मानसून सत्र के लिए सरकार ने एजेंडा तय कर लिया है। लोकसभा में सात बिल पेश किए जा सकते हैं। इनमें वंदे मातरम के अपमान और विदेशी चंदा कानून में संशोधन से जुड़े विधेयक भी शामिल हैं। बिलों की अस्थायी सूची में अभी किसी भी संविधान संशोधन बिल जैसे परिसीमन या नारी संशोधन का जिक्र नहीं है। 13 अगस्त तक चलने वाले मानसून सत्र में कांग्रेस समेत विपक्षी दल नीट यूजी पेपर लीक, अन्य भर्ती परीक्षाओं में गड़बड़ी, अयोध्या राम मंदिर दान विवाद, ई20 ईंधन और विदेश नीति जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरने की तैयारी में हैं। यह सत्र 25 दिनों तक चलेगा, कुल 19 बैठकें होंगी।

**परिसीमन बिल का जिक्र नहीं पेपर लीक, ई20 ईंधन, विदेश नीति जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरेगा विपक्ष**

### सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल सरकार व चुनाव आयोग को जारी किया नोटिस

# एसआईआर से नाम कटने पर नहीं जाती नागरिकता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को वोटर लिस्ट से बाहर किए गए लोगों से जुड़ी याचिका पर सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि वोटर लिस्ट में से नाम हटने से किसी की नागरिकता नहीं जाती है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई है, जिसमें मांग की गई है कि बंगाल में जिन लोगों के नाम स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के कारण कट गए हैं उनको सरकारी योजनाओं का लाभ मिलना बंद नहीं होना चाहिए। साथ ही नागरिकता पर अंतिम फैसला होने तक सभी सुविधाएं मिलती रहनी चाहिए। इस मामले में चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी मोहना की बेंच ने चुनाव आयोग और पश्चिम बंगाल सरकार को नोटिस भेजकर जवाब मांगा है।



**याचिका में मांग-नागरिकता पर अंतिम फैसला होने तक सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता रहे**

### बंगाल सरकार का योजनाओं का लाभ देने से इनकार

दरअसल बंगाल सरकार ने पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम (पीडीएस) के तहत अन्नपूर्णा योजना जैसी योजनाओं का लाभ उन लोगों को देने से मना करने के लिए नोटिफिकेशन जारी किए हैं जिनका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया है। दावा किया गया कि उन लोगों को जाति सर्टिफिकेट भी नहीं दिए जा रहे हैं।

### एसआईआर में 58 लाख से ज्यादा लोगों के नाम कटे

पश्चिम बंगाल में एसआईआर की ड्राफ्ट लिस्ट में 58.20 लाख नाम कट गए हैं। ड्राफ्ट लिस्ट से पहले राज्य में 7.66 करोड़ थे, ड्राफ्ट लिस्ट में 7.08 करोड़ वोटर्स का नाम शामिल किया गया। काटे गए वोटर्स का प्रतिशत 7.6 है, यानी हर 100 से में लगभग 8 वोटर्स का नाम हटाया गया है। हालांकि, 58.20 लाख वोटर्स में से 24.17 लाख मृत पाए गए, 1.38 लाख डुप्लीकेट या फर्जी थे, 32.65 लाख वोटर्स शिफ्ट, लापता और अन्य थे।

### कोर्ट से हस्तक्षेप की मांग

याचिकाकर्ता प्रसनजीत बोस के वकील गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि नागरिकता से जुड़े 34 लाख मामले अभी भी लंबित हैं, जबकि अब तक सिर्फ 38 हजार मामलों का निपटारा हुआ है। फिलहाल केवल 19 ट्रिब्यूनल काम कर रहे हैं। ट्रिब्यूनलों का कामकाज पारदर्शी बनाने, उनकी वेबसाइट पर सभी आदेश और नियम सार्वजनिक करने की मांग की गई है। वोटर लिस्ट से नाम हटने के बाद कई लोगों को राशन, अन्नपूर्णा या दूसरी सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में परेशानी हो रही है, जबकि उनकी नागरिकता पर अभी फैसला नहीं हुआ है। जिन लोगों के पास पासपोर्ट जैसे वैध दस्तावेज हैं, उनसे नागरिकता साबित करने के लिए बार-बार दूसरे दस्तावेज न मांगे जाएं।

### आरबीआई ने जारी किया टेंडर, पायलट प्रोजेक्ट तैयार

## जल्द चलेंगे प्लास्टिक नोट, 10 और 20 रुपये से होगा ट्रायल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया जल्द ही देश में प्लास्टिक यानी पॉलीमर से बने नोटों का पहला पायलट प्रोजेक्ट शुरू करने जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह देश में नए जनरेशन की करेंसी लाने की आरबीआई के प्लान का अगला कदम है। रिजर्व बैंक शुरुआती फेज में सबसे पहले छोटी वैल्यू के नोटों पर इसकी टेस्टिंग करेगा। आधिकारिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, पहला पायलट प्रोजेक्ट 10 और 20 वैल्यू के छोटे नोटों के साथ शुरू होने की उम्मीद है। इस ट्रायल के नतीजों और अनुभवों के आधार पर ही आरबीआई आगे का फैसला लेगा। अगर यह टेस्टिंग पूरी तरह सफल रही, तो आरबीआई साल 2027 से देश में इन पॉलीमर नोटों का फुल-स्केल लॉन्च शुरू कर सकता है।

**2027 से देश में पॉलीमर नोटों का फुल-स्केल लॉन्च शुरू करने की तैयारी**

# प्रधानमंत्री मोदी ने जींद से दी 14721 करोड़ की 9 परियोजनाओं की सौगात

## देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन को दिखाई हरी झंडी, एक्सप्रेसवे, राष्ट्रीय राजमार्ग, मेडिकल कॉलेज और सिख संग्रहालय समेत कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जींद से 14,721 करोड़ रुपये की लागत वाली नौ विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके साथ ही हरियाणा हरित परिवहन की दिशा में नई पहचान बनाने वाला पहला राज्य बन गया। प्रधानमंत्री ने करीब 9,681 करोड़ रुपये की लागत से बने दिल्ली-जम्मू-कटरा एक्सप्रेसवे के हरियाणा खंड को राष्ट्र को समर्पित किया। इसके अलावा 1,184 करोड़ रुपये की लागत से तैयार 33.81 किलोमीटर लंबे अंबाला-काला अंब राष्ट्रीय राजमार्ग और 1,606 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 40.60 किलोमीटर लंबे जींद-गोहाना राष्ट्रीय राजमार्ग का उद्घाटन किया। उन्होंने 135 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले 24.27 किलोमीटर लंबे हांसी-बरवाला राष्ट्रीय राजमार्ग का शिलान्यास भी किया। इन परियोजनाओं से प्रदेश में सड़क संपर्क मजबूत होगा और यात्रा समय में कमी आएगी। रेल अवसंरचना को मजबूती देते हुए प्रधानमंत्री ने 372 करोड़ रुपये की लागत से बने कुरुक्षेत्र एलिवेटेड रेलवे ट्रैक का भी लोकार्पण किया। इससे शहर में रेलवे फाटकों पर लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और सड़क व रेल यातायात अधिक सुगम होगा।



### दो मेडिकल कॉलेज : एमबीबीएस सीटें बढ़ेंगी

स्वास्थ्य क्षेत्र में प्रधानमंत्री ने 594 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, भिवानी तथा 844 करोड़ रुपये की लागत से बने महर्षि च्यवन मेडिकल कॉलेज एवं राव तुलाराम अस्पताल, कोरियावास (नारनौल) का उद्घाटन किया। इन संस्थानों के शुरू होने से चिकित्सा शिक्षा का विस्तार होगा, एमबीबीएस सीटें बढ़ेंगी और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिलेंगी। सांस्कृतिक विरासत को सहेजने की दिशा में प्रधानमंत्री ने कुरुक्षेत्र में लगभग 164 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले सिख संग्रहालय की आधारशिला भी रखी। यह संग्रहालय सिख गुरुओं के इतिहास, शिक्षाओं, वीरता और भारतीय संस्कृति में उनके योगदान को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित करेगा। इससे धार्मिक पर्यटन को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। प्रधानमंत्री द्वारा दी गई सौगातों से प्रदेश के विकास का तेज गति मिलेगी और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

### ट्रेन स्वच्छ ऊर्जा का प्रतीक : वैष्णव

जींद। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने जींद से देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित यात्री ट्रेन के शुभारंभ को भारतीय रेलवे के इतिहास में ऐतिहासिक उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह पहल भारत की रेलवे नवाचार क्षमता, आत्मनिर्भरता और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में बढ़ती ताकत का प्रतीक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय रेल आधुनिक, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल परिवहन व्यवस्था की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रही है।

# सीएनजी व ईवी के काफिले के साथ जींद रैली पहुंचे कैप्टन अभिमन्यु

## नारनौद से हजारों समर्थकों के संग आए स्वच्छ ऊर्जा और हरित परिवहन का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जींद रैली में हरियाणा के पूर्व वित्तमंत्री कैप्टन अभिमन्यु अपने विधानसभा क्षेत्र नारनौद से हजारों समर्थकों के साथ सबसे पहले पहुंचे। सुबह करीब 8.30 बजे उनके नेतृत्व में सैकड़ों इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों का इको-फ्रेंडली काफिला रैली स्थल पहुंचा, जिसने पूरे आयोजन में विशेष आकर्षण का केंद्र बनाया। नारनौद विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से कार्यकर्ता अलग-अलग मार्गों से जींद पहुंचे। बड़ी संख्या में समर्थकों की मौजूदगी ने क्षेत्र में कैप्टन अभिमन्यु के जनसंपर्क और संगठनात्मक क्षमता की झलक दिखाई। रैली स्थल पर पहुंचा इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों का काफिला लोगों के बीच चर्चा का विषय बना रहा। कैप्टन अभिमन्यु के नेतृत्व में निकले इस काफिले का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा के प्रति जागरूकता का संदेश देना था। पारंपरिक ईंधन वाले वाहनों के बजाय इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहनों के उपयोग से हरित परिवहन को बढ़ावा देने का संदेश भी दिया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जींद यात्रा का प्रमुख आकर्षण देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित यात्री ट्रेन का शुभारंभ रहा। ऐसे अवसर पर स्वच्छ ऊर्जा आधारित वाहनों के साथ रैली में पहुंचकर कैप्टन अभिमन्यु और उनके समर्थकों ने हरित परिवहन के संदेश को और मजबूत करने का प्रयास किया। प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के लिए कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के शुभारंभ के साथ जींद का नाम भारतीय रेलवे के इतिहास में दर्ज हो गया। इस ऐतिहासिक अवसर पर कैप्टन अभिमन्यु की समर्थकों के साथ बड़ी भागीदारी भी पूरे आयोजन की प्रमुख चर्चाओं में रही।






# जींद से चंडीगढ़ और जालंधर तक मोदी का विकास मंत्र, विकसित भारत का दिलाया संकल्प

## चंडीगढ़ में लगभग 4,700 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को हरियाणा के जींद, चंडीगढ़ और पंजाब के जालंधर के दौरे के दौरान अपने संबोधनों में विकसित भारत, आधुनिक आधारभूत ढांचे और समग्र विकास का संदेश दिया। तीनों स्थानों पर उन्होंने विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और लोकार्पण के साथ देश को आधुनिक, आत्मनिर्भर और विकसित बनाने के संकल्प को दोहराया। जींद में प्रधानमंत्री ने देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाने के साथ 14,721 करोड़ रुपये की नौ विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने हरित ऊर्जा, आधुनिक परिवहन और बुनियादी ढांचे को विकसित भारत की मजबूत नींव बताया। इसके बाद चंडीगढ़ पहुंचे प्रधानमंत्री ने लगभग 4,700 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। अपने संबोधन में उन्होंने चंडीगढ़ से जुड़े पुराने दिनों को याद करते हुए कहा कि यह शहर केवल केंद्र शासित प्रदेश नहीं, बल्कि उत्तर भारत का महत्वपूर्ण विकास और स्वास्थ्य केंद्र है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाएं अब विशेषाधिकार नहीं, बल्कि हर नागरिक का अधिकार बन चुकी हैं। पंजाब के जालंधर में प्रधानमंत्री ने हरी पगड़ी पहनकर लोगों का अभिवादन किया और पंजाबी में चढ़दी कला में रहो मेरे पंजाबियों कहकर संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया में मदद मांगने वाला नहीं, बल्कि जरूरतमंद देशों की सहायता करने वाला देश बन चुका है। उन्होंने देश की बदलती आर्थिक और तकनीकी क्षमता का भी उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने तीनों कार्यक्रमों में विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को दोहराते हुए कहा कि आधुनिक परिवहन, स्वास्थ्य, ऊर्जा और बुनियादी ढांचे का विस्तार देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा। उनके संबोधनों का केंद्र बिंदु विकास, आत्मनिर्भरता और जनकल्याण रहा।

# गगनदीप सिंह संभालेंगे देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन की कमान



जींद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जींद जंक्शन से देश की पहली हाइड्रोजन ईंधन आधारित यात्री ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पहले दिन जींद से सोनीपत के बीच चले इस विशेष सफर में 270 यात्रियों ने यात्रा की, जिनमें 200 विद्यार्थी शामिल रहे। ट्रेन के रवाना होते ही स्टेशन पर मौजूद लोगों ने 'जय श्रीराम' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ उत्साह जताया। करीब सात महीने पहले यह ट्रेन परीक्षण के लिए दिल्ली से जींद लाई गई थी। इस दौरान इंजन और रैक के कई सफल ट्रायल किए गए। देश की पहली हाइड्रोजन ट्रेन के संचालन की जिम्मेदारी जींद मुख्यालय में तैनात सीनियर असिस्टेंट लोको पायलट गगनदीप सिंह को सौंपी गई है। उन्हें चेन्नई से आए विशेषज्ञों ने हाइड्रोजन ट्रेन की तकनीक और संचालन की विशेष ट्रेनिंग दी है। ट्रेन शुक्रवार को जींद से रवाना होकर दोपहर में सोनीपत पहुंची और शाम को वापस जींद लौटी। वापसी के दौरान कुछ यात्री ट्रेन में सवार हो गए थे, लेकिन रेलवे अधिकारियों ने उन्हें नीचे उतार दिया।

# 466 इलेक्ट्रिक वाहनों ने दिया हरित परिवहन का संदेश




चंडीगढ़। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जींद रैली में हरित परिवहन और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा उदाहरण देखने को मिला। रैली में 155 इलेक्ट्रिक बसों और 311 इलेक्ट्रिक कारों सहित कुल 466 इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग किया गया। इसके अलावा 273 सीएनजी बसों के संचालन से भी पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। ई-वाहनों के सुचारु संचालन के लिए आयोजन स्थल पर 41 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए गए, जबकि छह अतिरिक्त चार्जिंग स्टेशन रिजर्व रखे गए। वाहनों की निर्बाध चार्जिंग के लिए कुल 91 चार्जिंग गन (नोजल) की व्यवस्था भी की गई। रैली की तैयारियों के दौरान 16 और 17 जुलाई को करीब 135 इलेक्ट्रिक बसों को चार्ज किया गया, जबकि कार्यक्रम के दिन लगभग 150 इलेक्ट्रिक कारों ने भी इन चार्जिंग सुविधाओं का लाभ उठाया।

# दिव्यांग कर्मचारियों को 58 वर्ष के बाद सेवा विस्तार का अधिकार नहीं : हाईकोर्ट



■ 60 वर्ष तक सेवा में बनाए रखने की मांग की 32 याचिकाएं खारिज

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा सरकार के विभिन्न विभागों में कार्यरत दिव्यांग कर्मचारियों को 60 वर्ष की आयु तक सेवा में बनाए रखने की मांग वाली 32 याचिकाओं को खारिज कर दिया। जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ की एकलपीठ ने कहा कि 3 फरवरी 2026 को हरियाणा सिविल सेवा (जनरल) नियम, 2016 के नियम-143 में संशोधन लागू होने के बाद कोई भी कर्मचारी 58 वर्ष से अधिक आयु तक सेवा जारी रखने का दावा नहीं कर सकता। याचिकाकर्ताओं ने अपनी सेवानिवृत्ति को चुनौती देते हुए कहा था कि वे दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के तहत प्रमाणित बेंचमार्क दिव्यांग कर्मचारी हैं और हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच के जोरा सिंह बनाम हरियाणा राज्य मामले के निर्णय के आधार पर उन्हें 60 वर्ष तक सेवा का अधिकार प्राप्त है। उनका तर्क था कि 3 फरवरी 2026 का संशोधन पूर्व प्रभाव से लागू नहीं किया जा सकता और पहले से मिले अधिकार समाप्त नहीं किए जा सकते। वहीं हरियाणा सरकार ने अदालत को बताया कि रजनीश कुमार बनाम हरियाणा राज्य मामले में डिवीजन बेंच पहले ही स्पष्ट कर चुकी है कि संशोधित नियम-143 लागू होने के बाद कोई भी कर्मचारी 58 वर्ष से आगे सेवा जारी रखने का दावा नहीं कर सकता।

# मोबाइल और इंटरनेट मीडिया की लत जमानत ठुकराने का आधार नहीं

■ कैथल ग्रेनेड हमले के नाबालिग आरोपित को जमानत, कहा- एक अभिभावक की मृत्यु से अभिभावकीय नियंत्रण खत्म नहीं माना जा सकता

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने कैथल पुलिस पोस्ट पर वर्ष 2025 में हुए ग्रेनेड हमले के मामले में गिरफ्तार एक नाबालिग आरोपित को नियमित जमानत दे दी। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी बच्चे का मोबाइल फोन का अधिक इस्तेमाल, इंटरनेट मीडिया के प्रभाव में होना या साथियों के प्रभाव में आना अपने आप में जमानत से इनकार करने का वैधानिक आधार नहीं हो सकता। जस्टिस विनोद एस. भारद्वाज और जस्टिस सुखविंदर कौर की खंडपीठ ने कहा कि कैथल जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड और अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश-सह-चिल्ड्रन कोर्ट ने जमानत खारिज करते समय जिन कारणों का उल्लेख किया, वे किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल एवं संरक्षण) अधिनियम, 2015 की धारा-12 के अनुरूप नहीं हैं। मामले के अनुसार, घटना के समय आरोपित की आयु 17 वर्ष 10 माह थी। छह अप्रैल 2025 को कैथल जिले की एक पुलिस पोस्ट में ग्रेनेड विस्फोट हुआ था। जांच के बाद इसे ग्रेनेड हमला माना गया और 18 अप्रैल 2025 को नाबालिग को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान इंटरनेट मीडिया पर कथित तौर पर बब्बर खालसा द्वारा हमले की जिम्मेदारी लेने वाला पोस्ट भी सामने आया था।

# महिला आरोपितों की जमानत पर अदालतें बरतें संवेदनशीलता : हाई कोर्ट

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने कहा है कि जमानत पर विचार करते समय महिला आरोपितों के संबंध में अदालतों को कानून में दिए गए विशेष प्रावधानों के प्रति संवेदनशील रहना चाहिए। अदालत ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) के प्रावधानों का उल्लेख करते हुए 32 लाख रुपये की कथित ऑस्ट्रेलिया वीजा धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार 32 वर्षीय महिला को नियमित जमानत दे दी। हाई कोर्ट ने सलोनी चड्ढा उर्फ सिमरनजीत कौर की जमानत याचिका स्वीकार करते हुए कहा कि वह एक महिला है, उसके खिलाफ किसी अन्य आपराधिक मामले का रिकॉर्ड नहीं है और मुकदमे के जल्द पूरा होने की संभावना भी नहीं है। ऐसे में उसे विचाराधीन कैदी के रूप में लगातार जेल में रखना उचित नहीं होगा।

# नीट में हरियाणा सुपर-100 के 62 में से 51 विद्यार्थियों ने पाई सफलता

■ देश की टॉप परीक्षा में 31 बेटियों ने लहराया परचम : ढांडा

**चंडीगढ़।** हरियाणा के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने नीट-2026 में शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी योजना 'हरियाणा सुपर-100' के विद्यार्थियों के शानदार प्रदर्शन पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम साबित करता है कि सरकारी स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को बेहतर मार्गदर्शन, अनुशासित शैक्षणिक वातावरण और गुणवत्तापूर्ण संसाधन मिलें तो वे राष्ट्रीय स्तर की कठिन परीक्षाओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकते हैं। शिक्षा मंत्री ने बताया कि इस वर्ष नीट-2026 में हरियाणा सुपर-100 योजना के 62 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिनमें से 51 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। यह सफलता दर करीब 82 प्रतिशत रही। सफल विद्यार्थियों में 31 छात्राएं शामिल हैं, जो कुल सफल अभ्यर्थियों का 61 प्रतिशत हैं। उन्होंने कहा कि यह राष्ट्रीय स्तर पर छात्राओं की औसत सफलता दर से भी अधिक है।

# बिजली बिल वसूलने के लिए चलेगा अभियान

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य में बिजली चोरी के मामलों में लंबित जुर्माना राशि की प्रभावी वसूली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो के पुलिस महानिदेशक नवदीप सिंह विर्क ने सभी 22 जिलों के प्रवर्तन ब्यूरो थाना प्रभारियों को विशेष निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने राज्यभर में 45 दिवसीय विशेष अभियान चलाकर बिजली चोरी करने वालों पर शिकंजा कसा जाएगा।


## हरियाणा सरकार — शुद्धिपत्र

| क्र. सं. | विभाग का नाम | पुराना संदर्भ / एनआईटी सं. | शुद्धिपत्र की प्रकृति | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी/ सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | DST/LNB/PIPLI/01 TENDERID-2026_HRY_5259231 | पिपली (कुरुक्षेत्र) में बस टर्मिनल का विकास सहित पीपीपी मोड के तहत वाणिज्यिक सुविधाएं। बंद होने की तिथि 17.08.2026 तक 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी बोली का खुलना 18.08.2026 को 12:00 बजे के बाद होगा। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 1722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 2 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | DST/LNB/GURUGRAM/01 TENDERID-2026_HRY_5258841 | सेक्टर-29 गुरूग्राम में बस टर्मिनल का विकास सहित पीपीपी मोड के तहत वाणिज्यिक सुविधाएं। बंद होने की तिथि 17.08.2026 तक 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी बोली का खुलना 18.08.2026 को 12:00 बजे के बाद होगा। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 1722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 3 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | DST/LNB/KARNAL/01 TENDERID-2026_HRY_525904_1 | करनाल (बलारी बाई-पास) में बस टर्मिनल का विकास सहित पीपीपी मोड के तहत वाणिज्यिक सुविधाएं। बंद होने की तिथि 17.08.2026 तक 17:00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी बोली का खुलना 18.08.2026 को 12:00 बजे के बाद होगा। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 1722710371 landbuilding0002@gmail.com |
| 4 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | 01/2026-27/SPA-1/TECH TENDER ID:-2026HRY531091 | 24 अदद 125 केवीए जेन सैट्स की स्थापना और प्रचालन हेतु ऑनलाइन निविदा, बंद होने की तिथि 24.07.2026 तक 15:00 बजे तक बढ़ा दी गई है और तकनीकी बोली का खुलना 27.07.2026 को 15:00 बजे के बाद होगा। | https://hartrans.gov.in http://etenders.hry.nic.in | 01722710371 jstchry@gmail.com |
| 5 | कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई), हरियाणा | MEMONO. 1/336-ESI-G2-2026/4167 DATED07.07.2026 | हरियाणा में (फरीदाबाद और गुरूग्राम को छोड़कर) ईएसआई स्कीम के तहत बीमित व्यक्ति के लिए माध्यमिक देखभाल स्वास्थ्य सुविधा हेतु निजी हस्पतालों के टाइ-अप के लिए आवेदन, ईओआई के पेज नं. 17 पर क्लॉज 3 प्वाइंट नं. 2 (डी-एम्पैनलमेंट/ब्लैकलिस्टिंग के लिए प्रक्रिया) को परिशिष्ट सहित रूपांतरित किया गया है। कृपया ई-निविदा हरियाणा वेबसाइट पर निविदा के शुद्धिपत्र कॉलम पर पधारें। | hryesi.gov.in | 9988701049 esi@hry.nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/120/47295/I/88/6 दि. 17.07.26

## सार्वजनिक सूचना / निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग/बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य/सूचना/निविदा का नाम | निविदा का प्रकार (वर्क्स/गुड्स) | ई-निविदा आई.डी. | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | अनुमानित राशि (लगभग) रुपए में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल | निविदा संदर्भ सं./ निविदा सं. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग | वित्तीय वर्ष 2026-2027 हेतु सांपला जल सेवाएं मंडल, रोहतक में कुशल/अकुशल व्यक्तियों का प्रावधान। | सर्विसेज | 2026_HRY_535375_1 | 23-07-2026 15.00 बजे 23-07-2026 13.00 बजे | 0 | http://etenders.hry.nic.in | राजीव कुमार अधिशासी अभियंता एम-9464040970 xensampla@gmail.com | 6172-97/12-A |

हस्ता/- अधिशासी अभियंता,
सांपला जल सेवाएं मंडल, रोहतक
पीआरडीएच-1069/11/142/2027/47308/88/6 दि. 17.07.26

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

SW/BSO/752

हमकि (1) मंगलीराम पुत्र रामसरूप पुत्र मौजीराम व (2) होशयारी देवी पत्नी मंगलीराम पुत्र रामसरूप निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) व (3) नितिन शर्मा पुत्र कुलदीप चन्द शर्मा पुत्र फूलचन्द, निवासी मकान न0 बी-51, ब्लॉक बी, राजीव नगर, बेगमपुर, उत्तरी पश्चिमी दिल्ली, दिल्ली-110086 व (4) बलराज धनखड़ पुत्र मांगेराम पुत्र शेरसिहं, निवासी मकान न0 56, सैक्टर-6, झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022-23 व इंतकाल न0 3593 बैय, 3627 त0म0, 3724 बैय व वसीका न0 98 दिनांक 10.04.2026, के अनुसार खेवट न0 435मिन/319मिन-321मिन, खाता न0 448 मिन, मु0 न0 10, किला न0 24/2(6-13), मु0 न0 21, किला न0 4(7-11), मु0 न0 36, किला न0 25/2(3-16), मु0 न0 39, किला न0 5(8-0), 6(8-0), किते 5, तादादी रकबा 34 कनाल 0 मरले का 9749/138123 भाग, बकदर 2 कनाल 7.99 मरले (जिसमें होशयारी देवी 139/3576 भाग व मंगलीराम 139/5364 भाग व बलराज धनखड़ 43/7416 भाग) व खेवट न0 435मिन/319मिन - 321मिन, खाता न0 448 मिन, मु0 न0 44, किला न0 4/2/2(7-4), किता 1, तादादी रकबा 7 कनाल 4 मरले का 6607/53640 भाग, बकदर 0 कनाल 17.73 मरले (जिसमें मंगलीराम 139/5364 भाग व नितिन शर्मा 139/3576 भाग व बलराज धनखड़ 87/1490 भाग), के मालिकान व काबिजान हैं जिसमें से 9749/138123 भाग, बकदर 0 कनाल 10.16 मरले (जिसमें मंगलीराम 139/5364 भाग व नितिन शर्मा 139/3576 भाग व बलराज धनखड़ 43/7416 भाग), व खेवट न0 436/319 मिन, खाता न0 449, मु0 न0 25, किला न0 3/2(3-10), किता 1, तादादी रकबा 3 कनाल 10 मरले का 139/5364 भाग, बकदर 0 कनाल 1.81 मरला (जिसमें मंगलीराम मालिक व काबिज है), उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 2 कनाल 19.96 मरले (0.37475 एकड़) वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 36, किला न0 25/2 मिन उत्तर (2-19.96), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 19.96 मरले (0.37475 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का बैयनामा प्रस्तावित है :-

5839

मनकि अन्नू कुमारी पत्नी सन्दीप पुत्र कृष्णचन्द्र, निवासी एवं बिस्वेदार गांव दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरुवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2022-23 व इंतकाल न0 3740 बैय, के अनुसार खेवट न0 90/73, खाता न0 94, मु0 न0 40, किला न0 13/2(2-7), 18/2/2(5-6), 23/1(6-8), किते 3, तादादी रकबा 14 कनाल 1 मरला का 4181/185460 भाग, बकदर 0 कनाल 6.33 मरले व खेवट न0 92मिन/74, खाता न0 96 मिन, मु0 न0 40, किला न0 9/2(2-17), 12/1(6-7), मु0 न0 41, किला न0 11/1(4-16), 20/2(6-12), मु0 न0 42, किला न0 7/1(3-16), 14(7-9), 15(7-0), 16(7-0), 17(8-0), 23/2(2-18), 24(8-0), 25(7-0), मु0 न0 54, किला न0 12/1(3-0), 20/1(4-18), 22(8-0), किते 15, तादादी रकबा 87 कनाल 13 मरले का 13/660 भाग, बकदर 1 कनाल 14.52 मरले व खेवट न0 398/291, खाता न0 408, मु0 न0 42, किला न0 6(7-0) किता 1, तादादी रकबा 7 कनाल 0 मरला का 1/60 भाग, बकदर 0 कनाल 2.33 मरले, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 2 कनाल 3.18 मरले (0.269875 एकड़), वाका रकबा मौजा दरियापुर, तहसील बादली, जिला झज्जर की मालिक व काबिज है जिसको बैय किया जा रहा है। जिसका कब्जा मु0 न0 40, किला न0 18/2/2 मिन मध्य (2-3.18), किता 1, तादादी रकबा 2 कनाल 3.18 मरले (0.269875 एकड़) पर दिया जा रहा है।

यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस बैय पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के बैय से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 17.07.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0-285, सैक्टर-14,
गुरूग्राम - 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

## खबर संक्षेप



### कैब की लोहे से लदी ई-रिक्शा में टक्कर, सरिये घुसने से चालक की मौत

**गुरुग्राम।** द्वारका एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार दोपहर भीषण सड़क हादसा हो गया। गुरुग्राम से दिल्ली जा रही एक कैब ई-रिक्शा के पीछे जा घुसी। ई-रिक्शा में लदे लोहे के सरिये शीशा तोड़कर कैब चालक के सीने के आर-पार हो गए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कैब में सवार एक महिला यात्री हादसा देख सदमे में आकर बेहोश हो गई। पुलिसकर्मियों ने बताया कि कैब चालक मूलरूप से यूपी का रहने वाला था। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हादसे की वजह कैब की स्पीड और द्वारका एक्सप्रेसवे पर गलत तरीके से ई-रिक्शा का चढ़ना रहा।

### नशीला कफ सिरप बेचने के आरोप में दो सप्लायर पकड़े

**पलवल।** जिले में पुलिस की एवीटी हथीन टीम ने 1560 नशीले कफ सिरप तस्करी मामले में लंबे समय से फरार चल रहे दो मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने साइबर सेल की मदद से इन आरोपियों को नारनौल से पकड़ा। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान उटावड निवासी अंसार उर्फ टिमानी और अजहरुद्दीन के रूप में हुई है। एवीटी स्टाफ प्रभारी एसआई तेजपाल ने बताया कि इस पूरे मामले की शुरुआत 13 मई को हुई थी। उटावड थाना क्षेत्र में नाकाबंदी के दौरान पुलिस टीम ने एक लावारिस सफेद क्रेटा गाड़ी बरामद की थी। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें से 13 पेटियों में पैक कुल 1560 शीशियां प्रतिबंधित नशीली कफ सिरप मिली थी।

## सफीदों खंड के गांव रजाना कलां में हादसा

# चाय बनाते समय फटा गैस सिलेंडर, मकान की छत उड़ी, झुलसने से युवती की मौत

■ भयंकर आग लगने से घर का सारा सामान जला, दमकल पर देरी से आने के लगे आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद

सफीदों खंड के गांव रजाना कलां में शुक्रवार अलसुबह मकान के अंदर रसोई में चाय बनाते समय गैस सिलेंडर फट गया। इस हादसे में 25 वर्षीय युवती मनीषा की झुलसने से मौत हो गई। वहीं पूरा मकान ध्वस्त हो गया। जिस समय गैस सिलेंडर फटा, मनीषा मकान में अकेली थी। उसकी मां राजबाला सुबह सैर करने के लिए गई। उसके पिता जगमेंद्र पानीपत रिफाइनरी में काम करते हैं। आग लगने की सूचना पड़ोसियों ने दमकल विभाग को दी। परिजनों का आरोप है कि दमकल विभाग की गाड़ी भी काफी देर के बाद पहुंची। इस कारण आग से मकान के अंदर रखे फ्रिज, कूलर, बेड, एलईडी, अलमारी, जेवरात, कपड़े व रसोई का सामान सहित पूरा सामान जलकर राख हो गया। जबकि मकान की पूरी छत आग में जलने के कारण गिर गई। छत लकड़ी की कड़ियों की थी।

परिजनों ने बताया कि शुक्रवार सुबह मनीषा की मां राजबाला तो सुबह सैर पर निकल गई। इसी दौरान मनीषा उठकर रसोई में जाकर जब चाय बनाने लगी तभी अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। इस दौरान मनीषा भी आगजनी में काफी झुलस गई। पड़ोसियों ने मनीषा को मकान से बाहर निकाला। मकान से दूसरे सिलेंडर को तो निकाल लिया गया लेकिन जिस सिलिंडर में आग लगी हुई थी, उससे पूरे मकान में आग फैल गई। पूरे मकान में भयंकर आगजनी होने के कारण अचानक से सिलेंडर फट गया और पूरे मकान की छत को फाड़ दिया।



जींद। रजाना कलां गांव में आग लगने के बाद मकान से उठता धुआं।

### पीजीआई रोहतक ले जाते समय दम तोड़ा

झुलसी मनीषा को सफीदों के नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां डाक्टर ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद तुरंत पानीपत के लिए रेफर किया। जब पानीपत से उसको रोहतक पीजीआई रेफर किया गया तो रास्ते में ही मनीषा ने दम तोड़ दिया। मनीषा के शव को सफीदों के नागरिक अस्पताल में लाया गया, जहां से उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए खानपुर मेडिकल रेफर किया गया। मनीषा के चचेरे भाई परमजीत ने बताया कि मनीषा ने अपनी ग्रेजुएट की पढ़ाई पूरी कर ली थी। वहीं दमकल विभाग के कर्मचारी तेजवीर ने कहा कि जैसे उनके पास सूचना आई तो वह सफीदों से तुरंत चल पड़े थे। उनकी गाड़ी की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की रैली में कोई ड्यूटी नहीं लगी हुई थी। इसके बाद उन्होंने पहुंचकर आग पर काबू पाया ताकि किसी ओर मकान में नुकसान ना हो।

## आयुष विवि के वीसी को तीन वर्ष का मिला कार्य विस्तार

**कुरुक्षेत्र (हरिभूमि न्यूज)।** सरकार ने श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान के कार्यकाल में तीन वर्ष की वृद्धि की है। आयुष विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम घोष ने शुक्रवार को इस संबंध में आदेश जारी किए। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने हरियाणा सरकार, कुलाधिपति प्रो. असीम घोष तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। बता दें कि प्रो. धीमान के नेतृत्व में पहली बार आयुर्वेद के साथ-साथ होम्योपैथी, यूनानी, सिद्ध एवं प्राकृतिक चिकित्सा की ओपीडी शुरू की गई। बहुउद्देश्यीय हॉल का निर्माण पूरा कराया तथा 465 करोड़ से बनने वाले विश्वविद्यालय के स्थायी परिसर की प्रक्रिया को गति मिली। पहली बार 23 सहायक प्रोफेसरों की नियमित भर्ती की गई। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता सहित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने कुलपति को बधाई दी।



कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह।

## जिम में हुई कहासुनी ने ली जान

# समझौते के लिए बुलाई बैठक में चाकू घोंपकर हत्या, एक गंभीर

■ जूस विक्रेता की हत्या के आरोप में चार हिरासत में लिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंचकूला

एमडीसी क्षेत्र में गुरुवार रात करीब 9 बजे सकेतड़ी रोड स्थित पार्क में जूस विक्रेता कपिल की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई, जबकि उसका साथी अभिषेक उर्फ टन्नी घायल हो गया। पुलिस ने मामले में चार आरोपियों को हिरासत में लिया है, जबकि मुख्य आरोपी विवेक अब भी फरार है। बताया जा रहा है कि पुरानी रंजिश खत्म करने के लिए बुलाई गई समझौते की बैठक में कहासुनी होने के बाद यह हत्या की गई।



कपिल।

पुलिस के अनुसार, एमडीसी सेक्टर-4 निवासी व मूल रूप से यूपी के उन्नाव का कपिल जूस की रेहड़ी लगाकर घर चला रहा था। एक लंबे विवाद को खत्म करने के लिए दोनों पक्ष पार्क में पहुंचे थे। मौके पर करीब 20 से 25 युवक मौजूद थे। बातचीत के दौरान विवाद बढ़ा और देखते ही देखते दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। इसी दौरान कपिल पर चाकू से ताबड़तोड़ वार किए गए। गंभीर रूप से घायल कपिल किसी तरह पार्क से बाहर सड़क तक पहुंचा, लेकिन वहीं गिर पड़ा। उसी समय वहां से गुजर रही डायल-112 पुलिस टीम ने उसे सेक्टर-6 नागरिक अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घायल अभिषेक उर्फ टन्नी का अस्पताल में उपचार चल रहा है। पुलिस की शुरुआती जांच में सामने आया है कि कपिल और मुख्य आरोपी विवेक पहले एक ही मैकेनिक की दुकान पर काम करते थे। आरोप है कि कपिल ने विवेक को नौकरी से निकलवा दिया था। इसके बाद दोनों एक ही जिम में जाने लगे, जहां बॉडी शेमिंग को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। जांच में यह भी सामने आया है कि वारदात से 2 दिन पहले कपिल ने कथित तौर पर विवेक को जान से मारने की धमकी दी थी। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच तनाव और बढ़ गया। पुलिस का मानना है कि इसी रंजिश के चलते विवेक ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की।

# गोतस्करों और पुलिस में मुठभेड़, पैर में गोली मारकर दबोचा, तीन फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नूंह

अगोन गांव में शुक्रवार सुबह पुलिस टीम और गो तस्करी के आरोपियों के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक आरोपी के दोनों पैरों में गोली लगी, जबकि तीन आरोपी फरार हो गए। पुलिस ने मौके से एक गाय, बछड़ा और एक सांड को मुक्त कराया। घायल आरोपी को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिरोजपुर झिरका सीआईए प्रभारी महेंद्र सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे अगोन गांव में गोहत्या की सूचना मिली थी। सब-इंस्पेक्टर रामकिशन, सिपाही हितेश और लियाकत के साथ पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। एक आरोपी चोरी की मोटरसाइकिल पर रावली बांध की ओर भागा, लेकिन उसकी बाइक फिसल गई। जब पुलिस उसके करीब पहुंची तो आरोपी ने खुद को घिरा देखकर पुलिस टीम पर दो राउंड फायरिंग की। पुलिस ने आत्मरक्षा में जवाबी फायरिंग की, जिससे आरोपी के दोनों पैरों में गोली लग गई। घायल आरोपी की पहचान अगोन निवासी जमशेद के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से एक देसी कट्टा और कारतूस बरामद किए हैं। जमशेद को तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया।



## रोहतक निगम कार्यालय को बम से उड़ाने की दी धमकी

**रोहतक।** नगर निगम कार्यालय और मॉडल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद शुक्रवार को शहर में हड़कंप मच गया। नगर निगम के आधिकारिक ई-मेल पर धमकी भरा संदेश आने के बाद प्रशासन तुरंत अलर्ट हो गया। एहतियात के तौर पर नगर निगम कार्यालय और मॉडल स्कूल को खाली करवाकर कर्मचारियों, विद्यार्थियों और स्टाफ को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया गया। सूचना मिलते ही पुलिस, बम निरोधक दस्ता, डॉग स्क्वायड और साइबर टीम मौके पर पहुंची। दोनों परिसरों की घेराबंदी कर सघन तलाशी अभियान चलाया गया, जबकि ई-मेल भेजने वाले की पहचान के लिए साइबर टीम जांच में जुट गई है। घटना के बाद आसपास के लोगों में भी दहशत का माहौल देखने को मिला। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है तथा लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है।

# केएमपी पर राहगीर को बचाते हुए 3 कैंटर टकराए, दो चालकों समेत तीन की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

गांव सिलोठी के पास केएमपी पर दर्दनाक हादसा हो गया। यहां सड़क पर एक पैदल राहगीर को बचाने के चक्कर मे 3 कैंटर टकरा गए। हादसे में पैदल राहगीर और 2 कैंटर चालकों की जान चली गई। जबकि एक चालक घायल हो गया।

घटना दोपहर करीब 3 बजे की बताई जा रही है। सूचना मिलते ही पुलिस व एंबुलेंस टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान एक व्यक्ति सड़क पर तो अन्य 2 व्यक्ति कैंटरों में मृत मिले, जबकि एक अन्य घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। फिलहाल मामले में सामने आया है कि सड़क पर एक पैदल राहगीर अजीबोगरीब स्थिति में चल रहा था। उसको बचाने के चक्कर में एक कैंटर डिवाइडर से टकराया गया। वहीं, पीछे आ रहे दूसरे कैंटर की चपेट में राहगीर आ गया। इसके बाद कैंटर आगे वाले वाहन से टकरा गया। इतना ही नहीं एक और कैंटर भी टकराया। हादसे में दो चालकों और पैदल राहगीर की जान चली गई। हालांकि हादसे की असल वजह जांच के बाद स्पष्ट हो पाएगी। शवों को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में लाया गया है।



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त कैंटर।

# नकली नोट सप्लाई करने वाला हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

■ पैसे डबल करने का झांसा देकर लोगों को ठगते थे, आरोपी पर 30 से अधिक केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

पुलिस ने पैसे डबल करने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के मुख्य सरगना और हिस्ट्रीशीटर भूरा सिंह को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। एसपी दीपक सहारण ने शुक्रवार को बताया कि आरोपी भूरा सिंह उर्फ भूरिया के खिलाफ हरियाणा के अलावा राजस्थान में नकली नोट सप्लाई करने और धोखाधड़ी के करीब 30 मामले दर्ज हैं।

आरोपी भोले-भाले लोगों को पैसे डबल करने का झांसा देकर नकली करेंसी थमा देता था और उनसे असली रकम लेकर फरार हो जाता था। पुलिस ने पैसे डबल करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए दो युवकों को 50 हजार रुपये की नकली करेंसी तथा पुलिस की वर्दी और अन्य सामान सहित गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया था कि राजस्थान के टिब्बी क्षेत्र निवासी नरेश कुमार को 10 हजार रुपये के बदले 20 हजार रुपये की नकली करेंसी देकर ठगी का शिकार बनाया गया था। दोनों आरोपियों से पूछताछ के दौरान खुलासा हुआ कि नकली नोटों का इंतजाम भूरा सिंह करता था और वही गिरोह को करेंसी देता था। पुलिस ने आरोपी को सिरसा जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर तीन दिन के रिमांड पर लिया है। एसपी दीपक सहारण ने बताया कि आरोपी भूरा सिंह नकली नोट सप्लाई करने के मामले में जेल में बंद था।



## पानी के करोड़ों रुपये के धंधे को लेकर विवाद

# कारोबारी को धमकाने 10 स्कॉर्पियो में आए बदमाश, आठ गिरफ्तार

■ पुलिस ने मंथली मांगने के आरोपों को नकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पानी कारोबारी से मंथली मांगने व उन्हें धमकाने के लिए 10 स्कॉर्पियो में आए बदमाशों के मामले में पुलिस के हाथ सफलता लगी है। पुलिस ने धमकाने वाले 8 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। इनके कब्जे से 5 स्कॉर्पियो भी बरामद की गई है। कंस्ट्रक्शन साइटों और कॉलोनियों में पानी सप्लाई करने वाले कारोबारी ने एक पार्षद पर हर महीने रंगदारी मांगने का आरोप लगाया था।

पानी कारोबारी मनीष दहिया का आरोप था कि एक पार्षद कारोबार में आधी हिस्सेदारी मांगता है। कारोबार पर कब्जा जमाने के लिए गैंगस्टर कौशल चौधरी के नाम से धमकी दिलवाता है। बुधवार को दिनेश के गुंडों ने कंस्ट्रक्शन साइट पर पहुंचकर काम बंद कराने की धमकी दी। आरोप है कि वे 10 से अधिक स्कॉर्पियो गाड़ियों में सवार होकर आए थे। इसका वीडियो भी सामने आया था।

उधर, शुक्रवार को पुलिस ने इस मामले की जांच की। एसीपी ने बताया कि जांच में पाया गया कि रुपये मांगने और धमकी देने के आरोप झूठे निकले। हालांकि, पुलिस ने वीडियो के आधार पर शांति भंग करने के आरोप में आठ आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पांच स्कॉर्पियो भी बरामद की गई हैं। आठ आरोपी नवीन उर्फ भोला, देवेंद्र उर्फ सुखू, परवीन उर्फ मोनू उर्फ चोबे, अजय, मुंडी उर्फ योगेंद्र निवासी धनवापुर, गुरुग्राम, अनिल निवासी चुलियाना रोहतक, मोहित निवासी गांव बधवाना, जिला दादरी और सचेत उर्फ मोटा निवासी गांव करौला, गुरुग्राम को गिरफ्तार किया है। वहीं, पार्षद ने कहा कि उन्हें इस मामले में जानबूझकर फंसाया जा रहा है। मनीष के खुद गैंगस्टर सुनील उर्फ तोता से संबंध हैं।

## तैयारी — हरियाणा पुलिस अकादमी में डीजीपी ने दी श्रद्धांजलि

# तकनीक से गैंगस्टरों की तोड़ी कमर : डीजीपी

■ 22 अपराधियों का विदेश से प्रत्यर्पण कराया जा चुका

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

बदलते दौर में अपराध का तरीका बदल गया है, इसलिए पुलिस की रणनीति भी बदल रही है। विदेशों में बैठे गैंगस्टरों के नेटवर्क को तोड़ने, साइबर ठगी पर तत्काल कार्रवाई और नशा तस्करी पर लगातार प्रहार के जरिए हरियाणा पुलिस अपराधियों की कमर तोड़ने में जुटी है।

यह बात पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल ने मधुबन स्थित हरियाणा पुलिस अकादमी में पुलिस शहीद स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने बताया कि विदेशों से फिरौती की कॉल और साइबर अपराध आज सबसे बड़ी चुनौतियों में शामिल हैं। इन्हें देखते हुए हरियाणा पुलिस ने तकनीक को सबसे बड़ा हथियार बनाया है। 'अभेद' ऐप के जरिए संदिग्ध नंबरों से आने वाली कॉल, संदेश और वीडियो कॉल को रोका जा सकता है, जबकि साइबर ठगी के मामलों में 1930 हेल्पलाइन और ई-जीरो एफआईआर व्यवस्था से शिकायत मिलते ही कार्रवाई शुरू हो जाती है। इससे ठगी गई रकम को समय रहते होल्ड कराने में सफलता मिल रही है।


डीजीपी ने कहा कि गैंगस्टरों के खिलाफ कार्रवाई लगातार तेज की गई है। अब तक 22 अपराधियों का प्रत्यर्पण कराया जा चुका है और विदेशों में छिपे अपराधियों के खिलाफ भी एजेंसियों के साथ मिलकर कार्रवाई जारी है। अमेरिका और कनाडा में हाल की कार्रवाई के दौरान हरियाणा पुलिस ने महत्वपूर्ण सूचनाएं साझा कर अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने कहा कि पुलिस बल को केवल संख्या नहीं, बल्कि तकनीकी रूप से भी मजबूत बनाया जा रहा है। आधुनिक निगरानी प्रणाली, अत्याधुनिक हथियार और डिजिटल संसाधनों से जांच क्षमता बढ़ाई जा रही है। आतंकवाद से जुड़े मामलों की जांच के लिए विशेष प्रशिक्षित टीम तैयार की जा रही है।

### पुलिस में चार हजार नए पदों पर भर्ती जल्द होगी

भर्ती प्रक्रिया पर उन्होंने बताया कि वर्तमान में 5,500 पदों पर भर्ती चल रही है और इसके बाद 4,000 नए पदों पर भी भर्ती होगी। इन भर्तियों में अग्निवीरों को 20 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। वहीं पुलिस कर्मियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नशा तस्करी के खिलाफ अभियान का उल्लेख करते हुए डीजीपी ने कहा कि प्रदेश में तस्करों के नेटवर्क को लगातार ध्वस्त किया जा रहा है। अब तक 150 से अधिक तस्करों को जेल भेजा जा चुका है, जबकि 47 आरोपियों की अवैध संपत्तियों पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा को नशामुक्त बनाने के लिए यह अभियान आगे भी पूरी सख्ती से जारी रहेगा।





## आरबीआई गवर्नर मल्होत्रा बोले- एक साक्षात्कार में

# पश्चिम एशिया संकट, कमजोर मानसून देश की वृद्धि के लिए जोखिम: आरबीआई

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

*भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने कहा है कि पश्चिम एशिया संकट और कमजोर मानसून की आशंका आर्थिक वृद्धि के लिए महत्वपूर्ण जोखिम हैं। हालांकि, उन्होंने कहा कि मजबूत व्यापक आर्थिक आधार के चलते भारत ने पिछले कुछ वर्षों में सात प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दर्ज की है।*

मल्होत्रा ने एक साक्षात्कार में कहा कि पिछले वित्त वर्ष में देश की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही जबकि चालू वित्त वर्ष के लिए आरबीआई ने विभिन्न चुनौतियों के बावजूद 6.6 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि का अनुमान लगाया है। उन्होंने कहा, मौद्रिक और राजकोषीय नीतियां मजबूत हैं, जिसके कारण हमारी वृद्धि दर उच्च बनी हुई है।/"

**भारत ने पिछले कुछ वर्षों में सात फीसदी से अधिक की वृद्धि दर्ज की**

**पिछले वर्ष देश की वृद्धि दर 7.7 प्रतिशत रही**

**चालू वित्त वर्ष में मौजूदा चुनौतियों के बावजूद 6.6 फीसदी का अनुमान**



### महंगाई का अनुमान बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत

मुद्रास्फीति पर उन्होंने कहा कि केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए महंगाई का अनुमान 4.6 प्रतिशत से बढ़ाकर 5.1 प्रतिशत कर दिया है। मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों की कीमतें बढ़ने से जून में खुदरा महंगाई बढ़कर 4.38 प्रतिशत हो गई जबकि खाद्य मुद्रास्फीति 5.32 प्रतिशत रही।

### बैंक एआई की उन्नत प्रौद्योगिकी का लाभ उठाए

कृत्रिम मेधा (एआई) के उपयोग पर उन्होंने कहा कि आरबीआई ने बैंकों को ग्राहक सेवा बेहतर करने, लागत घटाने और निर्णय क्षमता बढ़ाने के लिए इसका उपयोग बढ़ाने की सलाह दी। साथ ही साइबर सुरक्षा और डेटा गोपनीयता पर सतर्क रहने को कहा है। मल्होत्रा ने हफ्ते की शुरुआत में सार्वजनिक एवं चुनिंदा निजी बैंकों के प्रबंध निदेशकों एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) के साथ बैठक में भी एआई जैसी उन्नत प्रौद्योगिकियों का लाभ उठाने के लिए कहा था।

### कृषि का जीडीपी में 17% का योगदान

आरबीआई गवर्नर ने मानसून को एक अन्य जोखिम कारक बताते हुए कहा कि देश की एक बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है और इसका सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में करीब 17 प्रतिशत योगदान है, इसलिए मानसून की स्थिति पर नजर बनाए रखना होगा। मजबूत डॉलर और वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद अन्य देशों की तुलना में भारतीय मुद्रा का प्रदर्शन स्थिर रहा है।

### महंगाई टिकाऊ वृद्धि की आधारशिला

मल्होत्रा ने कहा कि आरबीआई मुद्रास्फीति पर नियंत्रण को प्राथमिकता देते हुए वृद्धि को भी समर्थन देता रहेगा। उन्होंने कहा, /"कम और स्थिर महंगाई टिकाऊ वृद्धि की आधारशिला है ऋण वृद्धि के बारे में उन्होंने कहा कि जून में बैंक ऋण वृद्धि सालाना आधार पर करीब 18 प्रतिशत रही, जो मई के 17.5 प्रतिशत से अधिक है।

### रुपये की स्थिति सामान्य मानी जा सकती है

*मल्होत्रा ने कहा, /"पश्चिम एशिया में युद्ध के बाद डॉलर मजबूत हुआ है। कई देशों की मुद्राएं कमजोर पड़ी हैं। अगर हम वैश्विक परिप्रेक्ष्य में देखें तो भारतीय रुपये की स्थिति सामान्य मानी जा सकती है।/" मल्होत्र ने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) पर कहा कि पिछले वर्ष सकल एफडीआई लगभग 95 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर रहा, जबकि चालू वित्त वर्ष के पहले दो महीनों में शुद्ध एफडीआई करीब सात अरब डॉलर रहा है।*

## खरीदारी से शेयर बाजार में रही तेजी, सेंसेक्स 965 अंक उछला



- रिलायंस, बैंक और आईटी शेयरों में रही खरीदारी
- निफ्टी ने 262 अंक की जोरदार छलांग लगाई

**मुंबई (एजेंसी)।** रिलायंस इंडस्ट्रीज, बैंक और आईटी शेयरों में खरीदारी आने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार जोरदार तेजी के साथ बंद हुए। सेंसेक्स 965 अंक उछल गया जबकि निफ्टी ने 262 अंक की छलांग लगाई। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों में तेजी के बावजूद घरेलू स्तर पर प्रमुख कंपनियों के अनुकूल तिमाही नतीजों और आईटी कंपनियों में लिवाली आने से निवेशक धारणा को समर्थन मिला। हालांकि व्यापक बाजार में नकारात्मक रुझान रहा। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 964.58 अंक उछलकर 78,151.45 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,095.68 अंक चढ़कर 78,282.55 अंक तक पहुंच गया। इसी तरह निफ्टी भी 261.55 अंक बढ़कर 24,334.30 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में टेक महिंद्रा का शेयर अनुकूल तिमाही नतीजों के बाद करीब 3.91 प्रतिशत उछला। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज का भी शेयर तिमाही नतीजों की घोषणा के पहले करीब तीन प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। कोटक महिंद्रा बैंक, टीसीएस, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक और बजाज फाइनेंस भी बढ़त में रहे।

## सोना 800 रुपये टूटा, चांदी में 2,000 रुपये की गिरावट



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत में गिरावट का सिलसिला फिर शुरू हुआ और यह तीन सप्ताह के निचले स्तर पर पहुंच गया। सोने की कीमत 800 रुपये टूटकर 1.45 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर रही। स्थानीय मांग कमजोर रहने के कारण चांदी भी 2,000 रुपये लुढ़क गयी। अखिल भारतीय सराफा संघ के अनुसार, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 800 रुपये घटकर 1,45,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। बृहस्पतिवार को यह 1,46,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। चांदी भी 2,000 रुपये टूटकर 2,22,500 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी कर सहित) पर रही। पिछले सत्र में चांदी 2,24,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। सोना 25 जून को 1,45,300 रुपये प्रति 10 ग्राम पर था। कारोबारियों ने कहा कि दो सत्रों के ठहराव के बाद सोने की कीमतों में गिरावट फिर से शुरू हो गई और यह तीन सप्ताह के सबसे निचले स्तर पर आ गई, जबकि चांदी में निरंतर गिरावट जारी रही।

## खबर संक्षेप

### रुपया 14 पैसे मजबूत होकर 96.28 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** रुपया शुक्रवार को 14 पैसे मजबूत होकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.28 पर बंद हुआ। आरबीआई के संभावित हस्तक्षेप के बाद घरेलू मुद्रा में लगातार चार कारोबारी सत्रों से जारी गिरावट थमी। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच वैश्विक कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से स्थानीय मुद्रा पर दबाव है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.35 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान डॉलर के मुकाबले 96.27 से 96.41 के दायरे में रहा।

**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## एलन के टॉप-10 में 5 और टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स

*690 एवं अधिक अंक वाले टॉप-138 स्टूडेंट्स में 63 एलन स्टूडेंट्स*



आर्यन गुप्ता



पंशुल बंसल



आयुष भालोटिया



आर्यन दुबे



गौरव सिंह

**नीट-यूजी 2026 के रिजल्ट्स में चमका एलन**

**कोटा।** देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 का रिजल्ट घोषित कर दिया। परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के स्टूडेंट्स ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है। एलन के टॉप-10 में 5 स्टूडेंट्स शामिल है। परिणामों में टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स एलन से हैं। जारी किए गए परिणामों में आर्यन गुप्ता और पंशुल बंसल ने संयुक्त रूप से 720 में से 715 अंक हासिल किए हैं। टाइब्रेकर रूल की प्राथमिकता के आधार पर आर्यन गुप्ता को आल इंडिया रैंक-1 और पंशुल बंसल को ऑल इंडिया रैंक-2 घोषित किया गया है। पंशुल बंसल एलन के दो साल से रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट हैं तथा आर्यन गुप्ता एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट से डिस्टेंस लर्निंग से जुड़े हैं। इसके साथ ही एलन क्लासरूम स्टूडेंट आयुष भालोटिया ने 710 अंक प्राप्त कर आल इंडिया रैंक-4 हासिल की है। एलन ऑनलाइन टेस्ट सीरीज के स्टूडेंट आर्यन दुबे ने एआईआर-7, वहीं एलन क्लासरूम स्टूडेंट गौरव सिंह आल इंडिया रैंक-9 हासिल की है। एलन के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बेहतर परिणामों पर सभी स्टूडेंट्स और उनके परिवारजनों को बधाई दी है। परिणामों में एलन ने श्रेष्ठता साबित की है। अब तक देखे गए परिणामों में टॉप-10 में 5, टॉप-20 में 10, टॉप-50 में 23 और टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स एलन से हैं। इसमें 36 स्टूडेंट्स क्लासरूम हैं, इनमें से एक ऑनलाइन लाइव क्लास से तथा 10 स्टूडेंट्स डिस्टेंस लर्निंग व ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से हैं। एनटीए ने 690 एवं अधिक अंक वाले टॉप-138 स्टूडेंट्स की लिस्ट प्रेस रिलीज में जारी की है, इसमें 63 स्टूडेंट्स एलन से हैं। इसमें 50 क्लासरूम प्रोग्राम है, जिनमें एक ऑनलाइन लाइव क्लासरूम से तथा 13 डिस्टेंस लर्निंग व ऑनलाइन टेस्ट सीरीज से है।

### देश का विदेशी मुद्रा भंडार 96.4 करोड़ डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 10 जुलाई को समाप्त सप्ताह में 96.4 करोड़ डॉलर बढ़कर 675.15 अरब डॉलर पर रहा। इससे पिछले सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 7.26 अरब डॉलर बढ़कर 674.19 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इस साल 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में पश्चिम एशिया संघर्ष शुरू होने से पहले देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि, संघर्ष के कारण रुपये पर दबाव बढ़ा और रिजर्व बैंक को विदेशी मुद्रा बाजार में डॉलर बेचकर हस्तक्षेप करना पड़ा।

### देश से इलायची का निर्यात दो साल में तिगुना

**नई दिल्ली।** भारत से साबुत इलायची का निर्यात वित्त वर्ष 2025-26 में मूल्य के लिहाज से तिगुने से अधिक होकर 43.68 करोड़ डॉलर हो गया, जबकि 2023-24 में यह 13.19 करोड़ डॉलर था। सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है। आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान साबुत यानी खड़ी इलायची की निर्यात मात्रा भी दोगुने से अधिक हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 में खड़ी इलायची का निर्यात 20.12 करोड़ डॉलर था, जो 2025-26 में बढ़कर 43.68 करोड़ डॉलर हो गया।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शहीद संदीप कुमार राजकीय माध्यमिक विद्यालय फीदेड़ी (2596), खण्ड रेवाड़ी, जिला रेवाड़ी के जर्जर भवन की नीलामी हेतु योग्य एवं रजिस्टर्ड बोली दाता को दिनांक 25.07.2026 (शनिवार) को प्रातः 10 बजे विद्यालय प्रांगण में वांछित दस्तावेजों सहित आमंत्रित किया जाता है। 20 हजार रुपये सिक्योरिटी आवेदक बोली दाता को बोली के समय जमा करानी होगी तथा सफल बोली दाता को 100 प्रतिशत राशि नगद, चैक या डी.डी. के माध्यम से स्कूल मुखिया या एस.एम.सी. के पास जमा करानी होगी। जर्जर भवन को निर्धारित समय में तोड़ना होगा। बाकी नियम व शर्तें बोली के समय बता दी जाएगी।

मौलिक मुख्याध्यापक-अभय सिंह
शहीद संदीप कुमार राजकीय माध्यमिक विद्यालय फीदेड़ी, जिला रेवाड़ी

**COURT NOTICE**
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF **Ms. Alok Anand**
Additional Civil Judge (Senior Division), Bawal
**JAIPARKASH S/O RAMJILAL S/O LAKHI RAM R/O DHANI JAITPUR TEH. BAWAL, DISTT. REWARI**
Vs.
**1 RATIRAM LRS. (A) BALBIR AND OTHERS**
CNR No. HRREB1-000194-2023
Next Date : 31.07.2026
CS-157-2023
Suit for possesion by way of partition and permanent injunction
**PUBLICATION ISSUED TO :-**
2. Parshadi s/o Umrao s/o Muliya 12. Smt. Rewati D/o Nandram s/o Sangriya 13. Santosh d/o Nandram S/o Sangriya 24. Gindo Devi wd/o Raghbir s/o Nand Ram 25.Karan singh s/o Raghbir s/o Nand Ram 26. Satish s/o Raghbir s/o Nand Ram 27. Parveen Kumar s/o Raghbir s/o Nand Ram 28. Shamila d/o Raghbir s/o Nand Ram 29. Sushila d/o Raghbir s/o Nand Ram 31. Kanwar Singh s/o Kanha s/o Sukhdev deceased through -A. Surender s/o Kanwar Singh S/o Kanha -B. Baljeet s/o Kanwar Singh S/o Kanha -C. Babli d/o Kanwar Singh S/o Kanha 32. Jile Singh s/o Kanha s/o Sukhdev deceased through Lr -A. Rahul s/o Jile Singh -B. Krishan s/o Jile Singh 34. Inderjeet s/o Rampat s/o Kanha 35.Sharmila d/o Rampat s/o Kanha 36. Papita d/o Rampat s/o Kanha 37. Sunita d/o Rampat s/o Kanha 38.Chandro wd/o Rampat s/o Kanha
ALL R/O VILLAGE SAIDPUR JAITPUR, TEHSIL BAWAL, DISTRICT REWARI
In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **31.07.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to **https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rewari**
Sd/- Additional Civil Judge (Senior Division), Bawal
Dated, this day of 17.07.2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82(2) (ii) Cr. P.C./ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता देखें**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मनजीत पुत्रः** राज किशन, **निवासः** ग्रामः बेरी, थानाः बेरी, जिलाः झज्ज़र, हरियाणा ने **FIR No. 421/2019 U/s 379/411/34 IPC., थानाः प्रेम नगर, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मनजीत** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मनजीत** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 421/2019 U/s 379/411/34 IPC., थानाः प्रेम नगर, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **मनजीत** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
शगुन
जेएमएफसी (उत्तर पश्चिम जिला)
कमरा नं. 109, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/9664/RD/2026
(Court Notice)

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त नाम **लियाकत अली, पुत्रः** अकबर खान, **पताः** मकान नंबर – गाँव उमरा, पोस्ट – नूह, थाना – नगीना, जिला – मेवात, हरियाणा, ने **FIR No. 0108/2019 U/s 279/338 IPC थानाः न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली,** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है), और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लियाकत अली** मिल नहीं रहा हैं और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **लियाकत अली** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा हैं)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 0108/2019 U/s 279/338 IPC थानाः न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी, दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त **लियाकत अली** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.08.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री विनोद जोशी
एसीजेएम, कमरा नंबर 515
साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/9778/SE/2026
(Court Matter)

**कार्यालय पुलिस अधीक्षक, रेवाड़ी**

**मुकदमा न.-181 दिनांक 03/07/2026 धारा 127 (6) BNS**
**थाना शहर जिला रेवाड़ी**



**गुमशुदा की पहचानः-**
**नाम-** दिनेश पुत्र बिशमभर दयाल
**निवासी-** आन्नद नगर रेवाडी थाना शहर जिला रेवाड़ी
**कद** - 5'7 ईंच
**हुलिया-** रंग गेहुवा, गोल चेहरा, जिसने काली टीशर्ट व नीले रंग का लोवर पहनी हुई है।
दिनांक-29/06/2026 से घर से सालासर के लिए निकला था। जिस संबंध मे FIR NO-181 दिनांक-03/07/2026 धारा 127 (6) BNS दर्ज रजिस्टर्ड किया गया है। जिसका अभी तक कोई सुराग पता नहीं चला है। यदि किसी थाने में या किसी व्यक्ति को इस बारे सूचना प्राप्त होती है तो निम्नलिखित नम्बरों पर फोन करके सूचित करे।

सम्पर्क नम्बर-1. अनुसंधानकर्ता 7056666634
2. प्रबंधक अफसर शहर रेवाडी- 7056666121
3. कंट्रोल रूम रेवाड़ी- 01274-225156, 9306952004

पीआरडीएच-1084/11/5043/2027/47293/88/6 दि. 17.07.2026

## राशिफल


**मेष** मन प्रसन्न रहेगा। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे।


**वृष** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती है।


**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। रहन-सहन भी अव्यवस्थित रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।


**कर्क** पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा। यात्रा के योग बन रहे हैं।


**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।


**कन्या** अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।


**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।


**वृश्चिक** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।


**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।


**मकर** आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च भी बढ़ेंगे। रुचि बढ़ेगी।


**कुंभ** मन शान्त तो रहेगा। फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।


**मीन** मन अशान्त तो हो सकता है। वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है।

## मनीष जैन बने दक्षिण पूर्व रेलवे के नए अपर महाप्रबंधक



**कोलकाता।** मनीष जैन ने 17 जुलाई, 2026 को दक्षिण पूर्व रेलवे के अपर महाप्रबंधक का पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे मेट्रो रेलवे, कोलकाता में प्रधान मुख्य सुरक्षा अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। श्री मनीष जैन भारतीय रेल यांत्रिक अभियंता सेवा (आईआरएसएमई) के वर्ष 1990 बैच के अधिकारी हैं। श्री जैन भारतीय रेल में अनेक महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। इनमें मुख्य रोलिंग स्टॉक इंजीनियर (कोचिंग), पूर्व रेलवे, मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, कार्यकारी निदेशक/यांत्रिक अभियांत्रिकी (माल), रेलवे बोर्ड, कार्यकारी निदेशक/यांत्रिक अभियांत्रिकी (ट्रैक्शन), रेलवे बोर्ड, मुख्य महाप्रबंधक, इरकॉन, ग्रुप जनरल मैनेजर (तकनीकी), कॉनकॉर, निदेशक, राष्ट्रीय रेल संग्रहालय, नई दिल्ली सहित भारतीय रेल के कई अन्य महत्वपूर्ण पद शामिल हैं। श्री मनीष जैन को रेल अभियांत्रिकी एवं रेल परिचालन से जुड़े विभिन्न विषयों का व्यापक ज्ञान तथा समृद्ध कार्यानुभव प्राप्त है। उन्होंने भारत एवं विदेशों, जिनमें अमेरिका और कनाडा भी शामिल हैं, में अनेक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लिया है। उन्हें खेल, चलचित्र और संगीत में विशेष रुचि है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | महिला एवं बाल विकास, अम्बाला | अम्बाला जिले में आईसीडीएस के तहत अपेक्षित एडब्ल्यूसीएस को एसएनपी की आपूर्ति के परिवहन कार्य की अधिप्राप्ति। | बंद होने की तिथि 23.07.2026 | ईएमडी 25000 | https://etenders.hry.nic.in | 8950170625 poamb.wcd2@gmail.com |
| 2 | महिला एवं बाल विकास, अम्बाला | वित्तीय वर्ष 2026-27 हेतु जीओआई द्वारा निर्धारित नॉर्म्स पर सेडान वाहन को किराये पर लेना। | बंद होने की तिथि 23.07.2026 | ईएमडी 20000 | https://etenders.hry.nic.in | 8950170625 poamb.wcd2@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2027/40/47305/I/88/6 दि. 17.07.26

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | दि कैथल सहकारी चीनी मिल्स लि., कैथल | पैकिंग और ज्वाइंटिंग्स की खरीद + 17 अन्य निविदाएं (बीओडी लेवल) (कैथल)। | 19.07.2026 03.08.2026 | ईएमडी रु. 1,50,000/- | https://etenders.hry.nic.in | 9466112306 ktlsugar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/47276/I/88/6 दि. 17.07.26

## शब्द पहेली - 6290




**बाएँ से दाएँ**
1.नियंत्रण,घोड़े की रास-3
4.पानी से सराबोर-5
8.अंधकार-3
9.आक्रमण-3
10.दम, सुट्टा-2
12.समय, वक्त-2
13.कहानी लेखक-5
16.अपराधी, गुंडा-4
17.आलोकित होना-4
18.उद्देश्य, मंजिल-2
19.छाती, सिलना-2
20.जागरण-4
23.सफल, उत्तीर्ण-4
25.पत्नी का नाना-2,3
28.मार्ग, रास्ता-2
29.जरा, थोड़ा-2
31.वैमनस्य-3
33.पाजेब-3
35.जरुरतमंद-3,2
36.गदर, क्रांति-3

**ऊपर से नीचे**
1.उत्साह-3
2.वोट,राय-2
3.हथियार, गोला-बारूद-4
4.सनसनी, रोमांच-4
5.एक विदेशी शराब-2
6.आफत, मुसीबत-2
7.उपपत्नी-3
11.बलिदानी-3
12.कार्य करने वाला-3
13.सिगरेट का सुट्टा मारना-2,3
14.पानी, जल-2
15.निर्माण करने वाला-5
21.प्रकार-3
22.उम्मीद, आशा-2
24.भिखारी-3
26.ख्यात,प्रसिद्ध-4
27.मदिरापान-4
28.मदद,आराम-3
30.इससे कच्ची शराब बनती है-3
31.उस समय-2
32.नागालैंड की एक जाति-2
34.अधर, होठ-2

### शब्द पहेली- 6289 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ना | म | क | मा | ना | | स | म | झ | दा | र |
| म | | र | ह | म | | म | द | न | | म |
| र | त | | | ची | | झौ | | | वा | णी |
| ख | स | | ना | न | ख | ता | ई | | रा | य |
| ना | ला | य | क | | त्म | | मा | त | ह | त |
| | | | क | था | | का | न | | | |
| प | न | घ | ट | | आ | | दा | न | वी | र |
| व | र | | ना | ना | स | सु | र | | र | वि |
| न | म | | | म | | चा | | | ता | न |
| सु | | आ | स | व | | ल | ह | र | | य |
| त | ल | ब | गा | र | | न | क | ब | ज | न |



## खबर संक्षेप



### दिल्ली दंगाः शरजील फिर पहुंचे हाईकोर्ट

**नई दिल्ली।** 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों की कथित बड़ी साजिश से जुड़े यूएपीए मामले में आरोपी शरजील इमाम ने जमानत के लिए दिल्ली हाईकोर्ट का रुख किया है। उन्होंने ट्रायल कोर्ट के 4 जुलाई के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें उनकी जमानत याचिका खारिज कर दी गई थी। दिल्ली हाईकोर्ट में इस याचिका पर गुरुवार को सुनवाई होगी। मामले की सुनवाई जस्टिस प्रतिभा एम. सिंह और जस्टिस विकास महाजन की खंडपीठ करेगी।

### राहुल दिवंगत कांग्रेस कार्यकर्ता के घर गए



**देहरादून।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शुक्रवार दोपहर बाद दिल्ली से चार्टर्ड विमान द्वारा देहरादून पहुंचे। हवाई अड्डे से वे सीधे महानगर कांग्रेस महामंत्री आलोक मेहता के चमन विहार स्थित आवास पर गए। वहां उनके पिता और कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता अमर के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक जताया।

### सुले ने जंतर मंतर में वांगचुग से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की सांसद सुप्रिया सुले दिल्ली के जंतर-मंतर पर भूख हड़ताल कर रहे पर्यावरण कार्यकर्ता सोनम वांगचुक से मिलने पहुंचीं। सोनम अनशन के 20वें दिन पर हैं।। सुले ने उनसे भूख हड़ताल समाप्त करने की भावुक अपील की।

## पीएम ने जालंधर की जनसभा में आप पर साधा निशाना

**पंजाब में नशा तस्करी का धंधा और गैंगवार छिपे नहीं कांग्रेस में कुर्सी की जंग चल रही**

# पंजाब सरकार की नीयत न तो साफ है और न ईमानदारः मोदी

*इस वर्ष फरवरी में डेरा सचखंड बल्लां के दौरे के बाद पीएम का जालंधर का दूसरा दौरा, भाजपा पंजाब चुनावों की तैयारी में जुटी*

एजेंसी ▶▶ जालंधर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पंजाब की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार पर कानून-व्यवस्था और कई अन्य मुद्दों को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने राज्य की सत्तारूढ़ सरकार को 'कट्टर बेईमान' करार देते हुए कहा कि इसकी न तो साफ नीयत है और न ही ईमानदारी है। जालंधर में 5,470 करोड़ रुपये की लागत वाली रेलवे और सड़क बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करने के बाद एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि पंजाब में कानून-व्यवस्था की स्थिति पूरी तरह चरमरा चुकी है। उन्होंने कहा कि यहां कोई नहीं जानता कि कब और कहां गैंगवार हो जाए या किस दिशा से गोलियां चलने लगें। मोदी ने कहा कि खुलेआम रंगदारी मांगी जा रही हैं और यहां तक कि पुलिस थानों पर हमले की घटनाएं भी आम हो गई हैं।' प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि पंजाब के नाम पर कर्ज लिया जा रहा है और बजट का एक बड़ा हिस्सा उस कर्ज को चुकाने में खर्च हो रहा है, जबकि राज्य सरकार चलाने वाले लोग उसी पैसे का लाभ उठा रहे हैं। मोदी ने शिरोमणि अकाली दल पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उसे जनता की चिंता नहीं है, क्योंकि वह अपने ही मामलों में उलझा हुआ है।

**मोदी ने 5,470 करोड़ की परियोजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास किया**



### जालंधर को स्पोर्ट्स हब के रूप में करेंगे विकसित

जालंधर को विश्व में स्पोर्टस हब के रूप में पहचान दिलाने को लेकर पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि पंजाब के युवाओं में खेलों को लेकर जोश है। हमारी सरकार ने खेलो इंडिया योजना खेलों को बढ़ावा देने के लिए शुरू की थी। वहीं, जालंधर को विश्व में स्पोर्टस हब के रूप में पहचान दिलाना हमारा लक्ष्य है। पंजाब के खेल के उत्पाद विदेशों में निर्यात हों यह हमारा लक्ष्य है जिससे पंजाब और देश की अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा। मोदी ने पंजाब की मौजूदा सरकार पर भी जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा पंजाब में नशा तस्करी का धंधा और गैंगवार किसी से छिपे नहीं हैं। पंजाब की सत्ता में बैठे लोग देश की राजनीति बदलने का दावा कर रहे हैं लेकिन न उनकी नियत साफ है न वो ईमानदार हैं। आप केंद्र की योजनाओं पर अपना स्टिकर लगा रही है।

### प्रधानमंत्री ने ओडिशा में 7 पुनर्विकसित स्टेशनों का उद्घाटन किया

**भुवनेश्वर (भाषा)।** प्रधानमंत्री मोदी ने शुक्रवार को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत ओडिशा में पुनर्विकसित किए गए सात रेलवे स्टेशनों का ऑनलाइन माध्यम से उद्घाटन किया। यह देशभर में 75 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों में शामिल हैं। इन सात रेलवे स्टेशन में बरपाली, बलांगीर, पारलाखेमुंडी, तालचेर, केसिंगा, बिमलगढ़ और बारिपदा शामिल हैं। ये सभी पूर्व तटीय रेलवे (ईसीओआर) के अंतर्गत आते हैं। सीओआर ने मंच 'एक्स' पर पोस्ट में कहा, "ओडिशा की समृद्ध विरासत से प्रेरित और आधुनिक यात्री सुविधाओं से लैस ये स्टेशन, भारतीय रेलवे की सुलभ और आरामदायक यात्रा अनुभव उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं। स्टेशन बदल रहे हैं, समुदायों को जोड़ रहे हैं और विकसित भारत का निर्माण कर रहे हैं।

## जाली नोट के अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़, तीन को पकड़ा

### दो मुम्बई के और एक दिल्ली का रहने वाला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने महाराष्ट्र और राष्ट्रीय राजधानी के बीच सक्रिय जाली नोट के अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है जिनमें इसका सरगना भी शामिल है। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने 299 जाली नोट बरामद किए हैं और नवी मुंबई में एक प्रिंटिंग यूनिट का पता लगाया है। आरोपियों की पहचान नवी मुंबई निवासी नटराज मोहन कंचन (62), मुंबई के विनोद मुन्नीलाल जैसवार (38) और दिल्ली के मकसूदपुर इलाके के सुभाष चंद्र (55) के रूप में हुई है। पुलिस ने कहा कि भलस्वा डेयरी में एक दुकानदार को एक ग्राहक से जाली नोट मिले जिसके बाद इस गिरोह के बारे में पता चला। पुलिस के मुताबिक, भलस्वा डेयरी में जनरल स्टोर चलाने वाले पंकज ने बताया कि 29 जून की रात एक ग्राहक ने सिगरेट के पांच पैकेट खरीदे और 100 रुपये के छह नोटों में भुगतान किया। उसे नोटों के रूप और बनावट के कारण संदेह हुआ और दुकानदार ने इलाके में गश्त कर रहे बीट अधिकारी को सूचित किया। अधिकारी मौके पर पहुंचे, नोटों की जांच की।

**नवी मुंबई में एक प्रिंटिंग यूनिट का पता लगाया**

## 12 साल के बच्चे को मगरमच्छ खा गया



**बहराइच।** उप्र के बहराइच में घाघरा नदी किनारे शौच के लिए गए 12 वर्षीय बालक पर मगरमच्छ ने हमला कर दिया। परिजनों के सामने ही वह बच्चे को नदी में खींच ले गया। इस दौरान बच्चे के चाचा ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन नाकाम रहे। वहीं बाद में नदी किनारे मौजूद किसी ने मगरमच्छ को बच्चे को मुंह में दबाकर पटकने और उसके पैर चबाने का वीडियो मोबाइल में कैद कर लिया। इस वीडियो के सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद हड़कंप मच गया है।

## बैकफुट पर पंजाब कांग्रेस का बागी गुट

# दिल्ली में हाईकमान की चेतावनी के बाद चन्नी बोले- ऑल इज वेल

एजेंसी ▶▶ लुधियाना

दिल्ली में हाईकमान के साथ मुलाकात के बाद पंजाब कांग्रेस का बागी गुट बैकफुट पर आ गया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, बागी गुट को हाईकमान ने चेतावनी दी है कि बगावत की तो एक्शन होगा। साथ ही इन्हें दोटूक बोला गया है कि पंजाब प्रधान पद पर राजा वड़िंग ही रहेंगे। उन्हें बदला नहीं जाएगा। इस चेतावनी के बाद बागी गुट के सुर बदल गए। करीब 3 घंटे की मीटिंग के बाद बाहर आकर विधायक राणा गुरजीत ने कहा कि हमारी कोई लड़ाई नहीं है। अंदर की बात बाहर नहीं करेंगे। सब ठीक करके ही बाहर आ रहे हैं। वहीं, गुट के मुखिया चरणजीत सिंह चन्नी ने कहा कि हमें यहां बुलाया गया था। हमने अपना पक्ष रखा। यह क्लीयर है कि हम पार्टी के साथ हैं। हम राहुल गांधी के साथ हैं। खड़गे के साथ हैं। हम सिर्फ पार्टी को आगे बढ़ाना चाहते हैं। हमने हाईकमान के सामने अपना पक्ष रखा है। जो फैसला हाईकमान का होगा उसे मानेंगे। चन्नी ने कहा कि हम पार्टी के खिलाफ नहीं हैं, पार्टी के साथ चलेंगे। अंत में चन्नी ने कहा- ऑल इज वेल। पंजाब में जो बैठक बुलाई थी, वह बघेल से मिलने के लिए बुलाया थी।



■ राहुल गांधी का मिलने से इनकार

## ईडी की दिल्ली, राजस्थान और बिहार में छापेमारी

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बिहार में 130 करोड़ रुपये के कथित अवैध बालू खनन से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में शुक्रवार को तीन राज्यों में छापेमारी की। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत बिहार के बांका और पटना, राजस्थान के श्रीगंगानगर और जयपुर तथा दिल्ली में कुल आठ ठिकानों पर तलाशी ली गई। यह जांच बिहार के बांका जिला स्थित महादेव एन्क्लेव नामक कंपनी से संबंधित है। इस कंपनी का नियंत्रण श्रीगंगानगर निवासी अशोक चांडक और उनके पुत्र राघव चांडक के हाथ में है। कंपनी ने बिहार के खनन विभाग की जानकारी के बिना बांका जिले में कथित तौर पर अवैध रूप से बालू खनन किया।

■ अवैध बालू खनन और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई

## चढ़ावा चोरीः सोमवार को सुको में अंतरिम रिपोर्ट सौंपेगी एसआईटी

**अयोध्या/नई दिल्ली।** अयोध्या के राम मंदिर में चढ़ावा चोरी मामले की जांच कर रही विशेष जांच टीम (एसआईटी) सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में अपनी अंतरिम रिपोर्ट सौंपेगी। जांच के कुछ अहम बिंदुओं पर विस्तृत पड़ताल अभी बाकी है, इसलिए एसआईटी ने अंतिम रिपोर्ट तैयार करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से और समय मांगा है। इससे पहले प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन जजों की खंडपीठ ने स्वतंत्र जांच की मांग वाली जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए श्रीराम जन्मभूमि ट्रस्ट को नोटिस जारी किया था।

### बद्रीनाथ मंदिर : मामले में पूर्व अधिकारी गिरफ्तार

**देहरादून।** बद्रीनाथ मंदिर दान घोटाले की जांच कर रही एसआईटी ने मंदिर के पूर्व अधिकारी राजेंद्र चौहान को गिरफ्तार किया है। एसआईटी ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर चार घंटे की कड़ी पूछताछ के बाद यह की। आरोपी राजेंद्र चौहान हाल ही में 30 जून को मंदिर परिसर से रिटायर हुए थे। एसआईटी ने जांच के दौरान 22 जून की सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध गतिविधियां देखी थीं।

## सिंधिया रियासत की 400 साल पुरानी तोप चोरी, 3000 फीट नीचे उतारी गई

**शिवपुरी।** मध्य प्रदेश के शिवपुरी के नरवर किले से सिंधिया रियासत की 400 साल पुरानी तोप चोरी हो गई। बदमाश किले की ओपन कचहरी से 16वीं शताब्दी की करीब 3500 किलो वजनी ऐतिहासिक तोप चुराकर ले गए। इंटरनेशनल एंटीक ब्लैक मार्केट में इसकी कीमत 3-5 करोड़ रुपए हो सकती है। चोरों ने वारदात को पूरी प्लानिंग के तहत अंजाम दिया है। तोप को पहले गद्दों में लपेटा, फिर बैरिंग लगी लोहे की ट्रॉली की मदद से करीब 3 हजार फीट नीचे उतारा। इसके बाद लोडिंग गाड़ी में लादकर फरार हो गए। वारदात 15 जुलाई की रात की है। नरवर किले में सुरक्षाकर्मी ड्यूटी पर तैनात नहीं थे। चोरों ने इसी का फायदा उठाया। शक है कि वारदात को इंटरनेशनल एंटीक ब्लैक मार्केट से जुड़े लोगों न अंजाम दिया है। किले के बाहर हैवी गाड़ियों के टायर के निशान मिले हैं।



## अभिनेता परेश रावल का बड़ा दावा

# 'ओएमजी 2 का आइडिया मेरा था' पर मुझे क्रेडिट तक नहीं दिया गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**नई दिल्ली।** अभिनेता परेश रावल ने अक्षय कुमार व पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'ओएमजी 2' को लेकर एक बड़ा दावा किया है। एक्टर ने दावा किया कि 'ओएमजी 2' की कहानी असल में एक आइडिया के तौर पर शुरू हुई थी, जिसे उन्होंने डायरेक्टर अमित राय के साथ मिलकर डेवलप किया था। उन्हें इस कहानी या कॉन्सेप्ट का क्रेडिट नहीं दिया गया। अक्षय कुमार के इस प्रोजेक्ट से जुड़ने के बाद कहानी में बदलाव किए गए। इस कारण फिल्म से अलग होने का फैसला लिया।



### पिता-बेटे के रिश्ते पर थी असल कहानी

विक्की लालवानी के साथ यूट्यूब पर बातचीत में परेश रावल ने 'ओएमजी 2' को लेकर कई खुलासे किए। उन्होंने बताया कि उनकी ओरिजिनल कहानी पिता-बेटे के रिश्ते पर आधारित एक ड्रामा थी, जिसमें यौन शिक्षा, लोगों के बीच बेइज्जती और न्याय के लिए माता-पिता की लड़ाई जैसे मुद्दे शामिल थे।

## पंजाब विस चुनाव से पहले नियुक्ति

**भाजपा के बड़े सिख चेहरे**

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन बने हरजीत ग्रेवाल

**चंडीगढ़।** पंजाब भाजपा के सीनियर नेता हरजीत सिंह ग्रेवाल को केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग का चेयरमैन बना दिया है। उनका कार्यकाल 3 साल का रहेगा। वह पंजाब में भाजपा के बड़े सिख चेहरे के तौर पर एक्टिव रहे हैं। खास तौर पर दिल्ली बॉर्डर पर हुए किसान आंदोलन के दौरान उन्होंने केंद्र के पक्ष में डटकर बयानबाजी की थी। जिससे वह पंजाब से लेकर नेशनल लेवल तक खूब सुर्खियों में रहे। पंजाब चुनाव से पहले उनकी नियुक्ति को सिखों को खुश करने की कोशिश माना जा रहा है। इस मौके मीडिया से बातचीत में ग्रेवाल ने कहा कि मुझे जो जिम्मेदारी मिली है, उसे पूरी तनदेही से निभाऊंगा। मैं इससे पहले भी कई पदों पर काम कर चुका हूं। ग्रेवाल पटियाला के रहने वाले हैं। अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने एस. मुनव्वरी बेगम को उपाध्यक्ष और ग्लेन ई. सूज़ा टिकलो को सदस्य के तौर पर नामित किया है।

■ किसान आंदोलन के वक्त सुर्खियों में आए



## नाबालिग दुष्कर्म-हत्या मामले में उच्चतम न्यायालय की कड़ी फटकार

# ड्यूटी नहीं निभा सकते तो 'डॉक्टर' मत लिखिए

भाषा ▶▶ नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दो निजी अस्पतालों और उनके चिकित्सकों को फटकार लगाई। इन अस्पतालों ने मार्च में उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में दुष्कर्म की शिकार चार साल की बच्ची को समय पर चिकित्सा सहायता नहीं दी थी, बाद में बच्ची की मौत हो गई।

भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने अस्पतालों से परिवार को उचित मुआवजा देने को कहा। सीजेआई ने चिकित्सकों से कहा कि अगर आप अपना फर्ज नहीं निभाते, तो आपको 'डॉक्टर' कहलाने का कोई हक नहीं है। अगर आपमें थोड़ी भी संवेदनशीलता होती, आपके पास सुविधा नहीं थी, तो आप उस बच्चे को दूसरे अस्पताल ले जाते... क्या आपने इसलिए नजरअंदाज किया, क्योंकि वह गरीब थी? आपकी फीस नहीं दे सकती थी?

इस मामले में अगले हफ्ते फिर सुनवाई होगी। पीठ पीड़िता के पिता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जो दिहाड़ी मजदूर हैं और चाहते हैं कि इस मामले की जांच अदालत की निगरानी में विशेष जांच दल (एसआईटी) या सीबीआई करे।



**एसएचओ, दो अस्पतालों और कार्यकारी मजिस्ट्रेट को जारी किया नोटिस**

### यह है पूरा मामला

कथित तौर पर पड़ोसी 16 मार्च को पीड़िता को चॉकलेट दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकरले गया। जब बच्ची वापस नहीं लौटी, तो उसके पिता ने उसे खोजना शुरू किया और उसे बेहोश तथा खून से लथपथ हालत में पाया। परिवार उसे दो निजी अस्पतालों में ले गया, जहां कथित तौर पर उसे भर्ती करने से मना कर दिया गया। गाजियाबाद के सरकारी अस्पताल ले ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### अस्पतालों को नोटिस

न्यायालय ने इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने और जांच को लेकर गाजियाबाद पुलिस की हिचकिचाहट की ओर अप्रैल में इशारा किया था। उसने कथित तौर पर पीड़िता का इलाज करने से मना करने वाले दो निजी अस्पतालों -खजान सिंह मानवी हेल्थ केयर और सेंट जोसेफ (मरियम) हॉस्पिटल- को भी निर्देश दिया था कि वे उनपर लगे आरोपों के जवाब में अपने हलफनामे दाखिल करें।

### पीड़ित परिवार के सदस्यों को परेशान न करें

न्यायालय ने 10 अप्रैल को मामले की सुनवाई करते हुए जांच में गाजियाबाद पुलिस के रसंवेदनहीन रवैयेर की कड़ी आलोचना की थी। पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार, संबंधित पुलिस थाने के थानाध्यक्ष (एसएचओ), दो अस्पतालों और कार्यकारी मजिस्ट्रेट को नोटिस जारी किए थे। न्यायालय ने पुलिस और अस्पतालों को निर्देश दिया था कि वे यह सुनिश्चित करें कि पीड़िता और उसके परिवार के सदस्यों की पहचान उजागर न हो और उनके रिकॉर्ड से ऐसी कोई भी जानकारी हटा दी जाए। पीठ ने राज्य पुलिस से यह भी कहा था कि वे पीड़िता के परिवार के सदस्यों को परेशान न करें। न्यायालय ने इस बात पर निराशा जताई थी कि दो निजी अस्पतालों ने खून से लथपथ लड़की को भर्ती करने से मना कर दिया था और आखिरकार एक सरकारी अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया।



## चिंतन

# हाइड्रोजन ट्रेन भारत की नई उम्मीदों का प्रतीक

भारत को मिली पहली हाइड्रोजन ट्रेन असल में ट्रांसपोर्ट से अधिक आधुनिक तकनीक का उत्कृष्ट नमूना है। दुनिया में अब तक जो भी हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही थीं, वे कम दूरी की छोटी ट्रेनें थीं, लेकिन हरियाणा के जींद से सोनीपत के बीच 89 किलोमीटर के सफर में 2600 यात्री क्षमता वाली यह ट्रेन दुनिया की सबसे ताकतवर हाइड्रोजन ट्रेनों में गिनी जाएगी। बता दें कि इससे पहले जापान, चीन, जर्मनी और अमेरिका में हाइड्रोजन ट्रेनें चल रही थीं। ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला भारत दुनिया का पांचवां देश बन गया है। यह भारत की तकनीकी क्षमता, ऊर्जा नीति और हरित विकास के प्रति बढ़ती प्रतिबद्धता का भी प्रतीक है। जिस समय पूरी दुनिया जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करने और स्वच्छ ऊर्जा के नए विकल्प तलाशने में जुटी है, उस समय भारत का इस दिशा में इतना बड़ा कदम भविष्य की ऊर्जा व्यवस्था का संकेत देता है। यह उपलब्धि बताती है कि भारत अब केवल नई तकनीकों का उपभोक्ता नहीं, बल्कि उन्हें विकसित और अपनाने वाले अग्रणी देशों की श्रेणी में भी तेजी से स्थान बना रहा है। भारतीय रेलवे पहले ही दुनिया के सबसे बड़े विद्युतीकृत रेल नेटवर्क में शामिल हो चुका है। देश के ब्रॉड गेज नेटवर्क का लगभग 99.6 प्रतिशत विद्युतीकरण पूरा हो चुका है और 25 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में शत-प्रतिशत विद्युतीकरण हासिल किया जा चुका है। जहां कुछ कार्य शेष है, उसे भी जल्द पूरा करने की तैयारी है। ऐसे में स्वच्छ ऊर्जा आधारित ट्रेनों की दिशा में बढ़ाया गया यह कदम रेलवे के आधुनिकीकरण की अगली कड़ी माना जा सकता है। हरित हाइड्रोजन तैयार करने के लिए पहले बिजली की आवश्यकता होती है, फिर उसी हाइड्रोजन से ऊर्जा बनाकर ट्रेन संचालित की जाती है। इसलिए इसकी लागत पारंपरिक ईंधन या सीधे विद्युत संचालन की तुलना में अधिक दिखाई देती है। दूसरी ओर, हाइड्रोजन का उपयोग उर्वरक उद्योग, इस्पात उत्पादन तथा अनेक औद्योगिक क्षेत्रों में भी होता है। अब तक बड़े पैमाने पर प्रयुक्त हाइड्रोजन का अधिकांश उत्पादन पारंपरिक तरीकों से होता रहा है, जिससे कार्बन उत्सर्जन और प्रदूषण बढ़ता है। इसलिए हरित हाइड्रोजन की दिशा में बढ़ना केवल परिवहन सुधार नहीं, बल्कि संपूर्ण औद्योगिक परिवर्तन का आधार बन सकता है। हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौतियों में सुरक्षित भंडारण और आपूर्ति व्यवस्था को माना जाता है। भारत ने हाइड्रोजन ट्रेन के सफल विकास के साथ यह संकेत भी दिया है कि वह इस चुनौती का समाधान विकसित करने की क्षमता रखता है। किसी भी नई ऊर्जा प्रणाली की सफलता केवल उत्पादन पर नहीं, बल्कि उसके सुरक्षित भंडारण, परिवहन और उपयोग की विश्वसनीय व्यवस्था पर निर्भर करती है। सरकार का अगला लक्ष्य सौर ऊर्जा जैसे नवीकरणीय स्रोतों से हरित हाइड्रोजन का उत्पादन बढ़ाना है। यदि ऐसा होता है तो न केवल प्रदूषण में कमी आएगी, बल्कि देश की ऊर्जा सुरक्षा भी मजबूत होगी। वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट, तेल-गैस की कीमतों में उतार-चढ़ाव और भू-राजनीतिक तनावों के दौर में भारत जैसे विशाल देश के लिए ऊर्जा के स्वदेशी और स्वच्छ स्रोत विकसित करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। कुल मिलाकर, हाइड्रोजन ट्रेन का संचालन केवल रेलवे की उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत के वैज्ञानिक आत्मविश्वास, हरित विकास और ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक निर्णायक कदम है। यह भारत की ऊर्जा सुरक्षा की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। असल में यह हाइड्रोजन ट्रेन देश की नई उम्मीदों का प्रतीक है।

## आर्थिकी

सोनम लववंशी



# विदेशी बाजारों में खारिज होते भारतीय उत्पाद

किसी भी देश की आर्थिक ताकत उसके उत्पादन से नहीं, बल्कि इस बात से तय होती है कि दुनिया उसके उत्पादों पर कितना भरोसा करती है। निर्यात केवल विदेशी मुद्रा अर्जित करने का माध्यम नहीं होता, वह किसी राष्ट्र की गुणवत्ता, विश्वसनीयता और वैश्विक प्रतिष्ठा का प्रमाण भी होता है। इसलिए जब विदेशी बाजार किसी देश के उत्पादों को गुणवत्ता संबंधी खामियों के कारण लौटाने लगें या उन पर प्रतिबंध लगाने लगें, तो यह व्यापारिक नुकसान ही नहीं , देश की साख पर लगा गंभीर धब्बा भी होता है। दुर्भाग्य से आज भारत इसी चुनौती से जूझ रहा है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय मसाले, आम, मिर्च और चावल जैसे उत्पाद लगातार अंतरराष्ट्रीय जांच और प्रतिबंधों का सामना कर रहे हैं। हाल ही में चीन ने भारत से भेजी गई मिर्च की खेप को यह कहते हुए रोक दिया कि उसमें खतरनाक कीटनाशक मेथामिडोफॉस की मात्रा तय सीमा से अधिक थी। इससे पहले चीन गैर-बासमती चावल की लगभग 70 खेप भी लौटा चुका है। दूसरी ओर, जापान ने भारतीय आमों के आयात पर रोक लगा दी, क्योंकि निरीक्षण के दौरान फ्यूमिगेशन प्रणाली में गंभीर कमियां मिलीं। इतना ही नहीं, हांगकांग ने लोकप्रिय भारतीय मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की मौजूदगी पर सवाल उठाए, जिसके बाद सिंगापुर सहित कई देशों ने भारतीय मसालों पर प्रतिबंध, रिकॉल अथवा जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी। ये घटनाएं एक खतरनाक प्रवृत्ति का संकेत हैं। सबसे बड़ी चिंता यह है कि भारत की वैश्विक पहचान गुणवत्ता से नहीं, गुणवत्ता पर उठ रहे सवालों से बनने लगी है। दुनिया के सबसे बड़े कृषि उत्पादक देशों में शामिल होने के बावजूद वैश्विक कृषि व्यापार में भारत की हिस्सेदारी आज भी तीन प्रतिशत से कम है। वर्ष 2024-25 में कृषि निर्यात लगभग 51 अरब डॉलर तक जरूर पहुंचा, फिर भी हमारी क्षमता और संसाधनों की तुलना में यह बेहद सीमित है। ऐसे समय में, जब भारत वैश्विक आपूर्ति शृंखला का प्रमुख केंद्र बनने का दावा कर रहा है, गुणवत्ता संबंधी ऐसी घटनाएं हमारे प्रयासों को ही कमजोर कर रही हैं। जापान का फैसला विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वह दुनिया के सबसे सख्त और भरोसेमंद आयातक देशों में गिना जाता है। वर्ष 1986 में भी फ्रूट-फ्लाई की आशंका के कारण उसने भारतीय आमों पर प्रतिबंध लगाया था। लगभग बीस वर्षों की मेहनत, बेहतर क्वारंटीन व्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन के बाद 2006 में भारतीय आमों को फिर जापानी बाजार मिला। इस वर्ष निरीक्षण में दोबारा खामियां मिलने के बाद वही बाजार भारत के लिए बंद हो गया। यह केवल एक व्यापारिक निर्णय नहीं, हमारी गुणवत्ता नियंत्रण प्रणाली पर अविश्वास का संकेत है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार में सबसे मूल्यवान चीज उत्पाद नहीं, भरोसा होता है। एक बार यदि कोई देश भारतीय उत्पादों पर संदेह करने लगे, तो उसका असर दूसरे बाजारों पर भी पड़ता है। जापान द्वारा गुणवत्ता पर सवाल उठाने के बाद यूरोपीय संघ, अमेरिका और ब्रिटेन जैसे देश भी भारतीय कृषि उत्पादों की जांच और कड़ी कर देते हैं। परिणामस्वरूप हमारे प्रतिस्पर्धी देश पाकिस्तान, वियतनाम, थाईलैंड और ताइवान उन बाजारों में तेजी से अपनी जगह बना लेते हैं। महाराष्ट्र के अल्फांसो उत्पादक हों या गुजरात के केसर आम उगाने वाले किसान, वे पहले ही मौसम की मार झेल रहे हैं। ऐसे समय में निर्यात रुकने से प्रीमियम गुणवत्ता वाले उत्पाद घरेलू बाजार में औने-पौने दाम पर बिकते हैं और किसानों की आय पर सीधा प्रहार होता है। यदि विनिर्मित और कृषि उत्पाद भी वैश्विक बाजार में भरोसा खोने लगेंगे, तो तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य और कठिन हो जाएगा। सवाल यह है कि जिन खामियों का पता विदेशी प्रयोगशालाएं लगा रही हैं, वे भारत से उत्पाद भेजने से पहले हमारी जांच प्रणाली को क्यों नहीं दिखाई देतीं? यदि विदेशी एजेंसियां ही हमारे उत्पादों की गुणवत्ता का प्रमाणपत्र देंगी, तो 'मेड इन इंडिया' की विश्वसनीयता कभी मजबूत नहीं हो सकेगी। खेत से लेकर प्रयोगशाला, प्रसंस्करण केंद्र, पैकेजिंग और निर्यात तक पूरी व्यवस्था को 'जीरो एरर' की संस्कृति अपनानी होगी। भारत आज दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का सपना देख रहा है। यह सपना केवल उत्पादन बढ़ाने से पूरा नहीं होगा। वैश्विक बाजार सस्ता माल नहीं, भरोसेमंद माल खरीदता है। अब समय आ गया है कि गुणवत्ता को औपचारिकता नहीं, राष्ट्रीय प्राथमिकता बनाया जाए। दुनिया में सबसे महंगा बिकने वाला उत्पाद मसाला, आम या चावल नहीं, विश्वसनीयता होती है। यदि हम उसे खो देंगे, तो विदेशी बाजार ही नहीं, भारत की आर्थिक महत्वाकांक्षाएं भी धीरे-धीरे हमारे हाथों से फिसलती चली जाएंगी।

( लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# अंतरिक्ष में निजी क्षेत्र की ऊंची उड़ान



विक्रम-1 रॉकेट

महेन्द्र तिवारी

भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में 18 जुलाई का दिन एक ऐसे स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा की दिशा को हमेशा के लिए बदल देगा। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस का स्वदेशी रूप से विकसित विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली कक्षीय उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह केवल एक रॉकेट का प्रक्षेपण नहीं है, बल्कि यह उस नए और आत्मनिर्भर भारत का उद्घोष है, जहां निजी क्षेत्र अब अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों को नापने के लिए पूरी तरह से सक्षम हो चुका है। इस रॉकेट का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में रखा गया है

भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के इतिहास में 18 जुलाई का दिन एक ऐसे स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज होने जा रहा है, जो देश की वैज्ञानिक और तकनीकी यात्रा की दिशा को हमेशा के लिए बदल देगा। श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से भारतीय स्पेस टेक स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस का स्वदेशी रूप से विकसित विक्रम-1 रॉकेट अपनी पहली कक्षीय उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार है। यह केवल एक रॉकेट का प्रक्षेपण नहीं है, बल्कि यह उस नए और आत्मनिर्भर भारत का उद्घोष है, जहां निजी क्षेत्र अब अंतरिक्ष की अनंत गहराइयों को नापने के लिए पूरी तरह से सक्षम हो चुका है।

दशकों तक भारत का अंतरिक्ष कार्यक्रम पूर्ण रूप से सरकारी नियंत्रण और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन यानी इसरो के कुशल मार्गदर्शन में पलता और बढ़ता रहा है। इसरो ने सीमित संसाधनों के बावजूद दुनिया को अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है और मंगल ग्रह से लेकर चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव तक तिरंगा फहराया है। अब समय बदल रहा है और वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र की भागीदारी अनिवार्य हो गई है। इसी आवश्यकता को समझते हुए भारत सरकार ने अंतरिक्ष क्षेत्र को निजी कंपनियों के लिए खोलने का जो ऐतिहासिक निर्णय लिया था, यह प्रक्षेपण उसी नीतिगत बदलाव का सबसे बड़ा और प्रत्यक्ष परिणाम है। जब हम स्काईरूट एयरोस्पेस और उसके महत्वाकांक्षी रॉकेट विक्रम-1 की बात करते हैं तो हमें इसके पीछे के तकनीकी चमत्कार और वर्षों की अथक मेहनत को समझना होगा। इस रॉकेट का नाम भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक डॉ. विक्रम साराभाई के सम्मान में रखा गया है जो अपने आप में एक बहुत बड़ा प्रतीकात्मक संदेश है। विक्रम-1 कोई साधारण लॉन्च वाहन नहीं है, बल्कि यह अत्याधुनिक तकनीकों का एक अद्भुत संगम है। इस रॉकेट की सबसे बड़ी विशेषता इसके निर्माण में थ्रीडी प्रिंटिंग तकनीक का व्यापक उपयोग है। पारंपरिक निर्माण विधियों की तुलना में थ्रीडी प्रिंटिंग से रॉकेट के पुर्जे बनाने में लगने वाला समय और लागत दोनों काफी कम हो जाते हैं। इसके अतिरिक्त रॉकेट का बाहरी ढांचा कार्बन फाइबर कंपोजिट से बनाया गया है, जो इसे बेहद हल्का लेकिन इस्पात से भी अधिक मजबूत बनाता है। अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उप कक्षीय और कक्षीय उड़ानों के बीच एक बहुत बड़ा तकनीकी अंतर होता है, जिसे समझना यहां बेहद प्रासंगिक है। नवंबर 2022 में स्काईरूट एयरोस्पेस ने ही अपना पहला रॉकेट विक्रम एस लॉन्च किया था, जो एक उप कक्षीय उड़ान थी। उप कक्षीय उड़ान का अर्थ होता है कि रॉकेट अंतरिक्ष की सीमा को तो छूता है लेकिन वह पृथ्वी की परिक्रमा करने के लिए आवश्यक गति प्राप्त नहीं कर पाता और गुरुत्वाकर्षण के कारण वापस लौट आता है। इसके विपरीत अठारह जुलाई को होने वाला विक्रम-1 का प्रक्षेपण एक कक्षीय मिशन है। इसका मतलब है कि यह रॉकेट न केवल अंतरिक्ष में जाएगा बल्कि यह इतनी तेज गति प्राप्त करेगा कि यह पृथ्वी की कक्षा में स्थापित हो सके और अपने साथ ले जाए गए उपग्रहों को सटीक रूप से उनकी निर्धारित जगह पर छोड़ सके। कक्षीय उड़ान तकनीकी रूप से बहुत अधिक जटिल चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरी होती




है। इसमें रॉकेट के इंजनों को कई बार चालू और बंद करना पड़ता है और इसकी नेविगेशन प्रणाली को बिल्कुल अचूक होना पड़ता है। अगर स्काईरूट की टीम इस चुनौती को सफलतापूर्वक पार कर लेती है तो यह भारतीय निजी क्षेत्र की तकनीकी क्षमता का विश्व स्तर पर सबसे बड़ा प्रमाण होगा। आर्थिक और रणनीतिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो इस प्रक्षेपण के मायने बहुत गहरे और दूरगामी हैं। आज पूरी दुनिया में संचार मौसम पूर्वानुमान कृषि निगरानी और नेविगेशन के लिए छोटे उपग्रहों की मांग में बेतहाशा वृद्धि हो रही है। पारंपरिक रूप से बड़े रॉकेटों के जरिए इन उपग्रहों को लॉन्च करने में बहुत समय लगता है क्योंकि सरकारी एजेंसियों के पास अपने स्वयं के बड़े मिशन होते हैं और छोटे उपग्रहों को उन बड़े मिशनों के साथ सह यात्री के रूप में भेजा जाता है। इस प्रक्रिया में कई बार निजी कंपनियों और विश्वविद्यालयों को अपने उपग्रह लॉन्च करने के लिए वर्षों तक इंतजार करना पड़ता है। स्काईरूट जैसी कंपनियां इसी समस्या का समाधान लेकर आई हैं। विक्रम-1 जैसे रॉकेट ऑन डिमांड लॉन्च की सुविधा प्रदान करते हैं। इसका मतलब है कि जब भी किसी ग्राहक को अपना उपग्रह लॉन्च करना हो, यह रॉकेट कुछ ही हफ्तों की तैयारी के साथ उड़ान भरने के लिए तैयार हो सकता है। यह लचीलापन और कम लागत भारतीय अंतरिक्ष उद्योग को वैश्विक कमर्शियल मार्केट में एक बहुत बड़ा प्रतिस्पर्धी लाभ प्रदान करेगा। वर्तमान में वैश्विक अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था में भारत की हिस्सेदारी बहुत कम है लेकिन विक्रम-1 की सफलता इस हिस्सेदारी को कई गुना बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त करेगी और एलन मस्क की स्पेसएक्स जैसी दिग्गज अंतरराष्ट्रीय कंपनियों को सीधे चुनौती देने की नींव रखेगी। इस निजीकरण और तकनीकी विकास का एक और महत्वपूर्ण पहलू रोजगार सृजन और प्रतिभा पलायन को रोकना है। भारत में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग डीप टेक और उन्नत विनिर्माण के क्षेत्र में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। लेकिन अतीत में उचित अवसर और निजी क्षेत्र में निवेश न होने के कारण हमारी कई बेहतरीन प्रतिभाएं विदेशों का रुख कर लेती थीं। स्काईरूट एयरोस्पेस जैसी स्वदेशी कंपनियों का उदय इन युवा इंजीनियरों और वैज्ञानिकों को अपने ही देश में विश्व स्तरीय परियोजनाओं पर काम करने का अवसर दे रहा है। इससे देश में एक मजबूत अंतरिक्ष इकोसिस्टम तैयार हो रहा है। रॉकेट निर्माण के लिए आवश्यक कल पुर्जे सॉफ्टवेयर विकास परीक्षण सुविधाएं और ग्राउंड स्टेशन ऑपरेशंस जैसे क्षेत्रों में हजारों नए रोजगार पैदा हो रहे हैं।

यह पूरी प्रक्रिया मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत के सपनों को सही मायनों में साकार कर रही है। सरकार द्वारा स्थापित नोडल एजेंसी इन स्पेस का समर्थन और इसरो द्वारा प्रदान की जा रही तकनीकी और बुनियादी ढांचागत सहायता यह दर्शाती है कि भारत में अब सार्वजनिक और निजी क्षेत्र एक दूसरे के प्रतिस्पर्धी नहीं बल्कि एक दूसरे के पूरक बनकर काम कर रहे हैं। विक्रम-1 की उड़ान केवल एक कंपनी की व्यावसायिक सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि यह पूरे देश की उम्मीदों और आकांक्षाओं का प्रतीक है। अठारह जुलाई को जब विक्रम-1 के इंजन आग उगलते हुए आसमान का सीना चीरेंगे तो वह केवल एक मशीन की उड़ान नहीं होगी बल्कि वह एक नए भारत के आत्मविश्वास की उड़ान होगी। यह उड़ान उन तमाम छोटे और मझोले स्टार्टअप्स के लिए एक प्रेरणा है जो नवाचार के क्षेत्र में कुछ नया करने का सपना देखते हैं। यह प्रक्षेपण आने वाली पीढ़ियों को यह याद दिलाएगा कि जब सपने बड़े होते हैं और हौसले बुलंद होते हैं तो आसमान की कोई सीमा नहीं होती और सितारे भी हमारी पहुंच में होते हैं।

( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## चरित्र गठन की व्यायामशाला है संसार



संकलित

दर्शन

संसार न तो अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

## अपने रूप-रंग या गुण पर घमंड न करें



संकलित

प्रेरणा

एक समय की बात है, एक बार दांत और जीभ में भयंकर युद्ध छिड़ गया। दांत ने जीभ से कहाः अरे! तुम सिर्फ माँस के लोथड़े हो। तुममें तो कोई भी खुबी नहीं है। न ही तुम्हारा कोई रूप है और न ही कोई रंग। हमारे सभी दाँत को देख रहे हो, कैसे मोतियों की भाँति चमक रहे हैं। जीभ बेचारी ने कुछ भी नहीं कहा और वह चुप रही।

दिन बीतते गये, समय अपनी रफ्तार के साथ आगे बढ़ता गया और देखते ही देखते कई माह और वर्ष बीत गये। अब उम्र ढलने के साथ-साथ, धीरे-धीरे करके एक-एक दांत गिरते गये लेकिन होना क्या था, जीभ वहीं ज्यो की त्यो बनी रही। अब कुछ बचे हुए दाँत जब गिरने को हुए, तब जीभ ने दांत से कहाः भैया बहुत दिन पहले आपने मुझसे कुछ कहा था। आज उन सबका उत्तर दे रही हूँ। इंसान के मुँह में आप सब दाँत मुझसे बहुत बाद में आए हैं। मैं तो जन्म के साथ ही पैदा हुई हूँ। अब आयु में भी तुम मुझसे छोटे हो, लेकिन छोटे होने के बावजूद भी एक-एक करके तुम सब मुझसे पहले विदा हो रहे हो! इसका कारण पता है? दांत ने जीभ से अब विनम्र भाव से बोलाः दीदी अब तक तो नहीं समझते थे, पर अब बात समझ में आ गई। तुम कोमल और मुलायम हो और हम कठोर हैं। कठोर होने का दंड ही हमें मिला है। आपके कार्य दूसरों को सुख ही प्रदान करें। अपने रूप रंग या किसी भी गुण के दम पर कभी भी घमंड ना करें। किसी का भी अनादर न करें, चाहे कोई आपसे उम्र में छोटा हो या फिर बड़ा।

## अंतर्मन




## आज की पाती


### ई-वाहनों में आग : मैन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स या लापरवाही

सरकार प्रदूषण मुक्त यातायात करने के मद्देनजर ई-वाहन के निर्माण करने वालों और उसका उपयोग करने वालों को सब्सिडी के माध्यम से प्रोत्साहित कर रही है। साथ ही मेन्युफैक्चरिंग डिफेक्ट्स में सुधार हेतु कदम उठा रही है, ताकि उसकी वजह से कोई दुर्घटना/हादसा न होने पाए। अच्छी बात है। इसके बावजूद सरकारी आंकड़े कह रहे हैं कि पिछले तीन वर्षों में ई-वाहनों के 23,865 हादसे हुए और 26 बार उसमें आग लगी। बात यहीं तक साफ नजर नहीं आ रही है क्योंकि बैटरी चार्ज के वक्त वाहनों में आग लगने से घरों में भी आग लगी है और भारी नुकसान हुआ है। हाल ही में नोयडा के मामोरा में पांच मंजिल बिल्डिंग में आग लगने से दो लोगों की दुखद मौत हो गई। **- दिनेश, सोनीपत**

## करंट अफेयर

### यूरोप में भीषण गर्मी से इस साल 10 हजार लोगों की मौत

यूरोप ने इस साल अप्रत्याशित रूप से भीषण गर्मी का सामना किया और पूरे महाद्वीप से संकलित आंकड़ों के मुताबिक तापमान में बेतहाशा वृद्धि से जुड़ी घटनाओं में सामान्य से कहीं अधिक करीब 10 हजार लोगों की जान गई है। अध्ययनकर्ताओं के अनुसार जून के आखिर में इसमें तेजी से तब वृद्धि हुई जब यूरोप के कुछ हिस्सों में तापमान ने रिकॉर्ड तोड़ दिया। जानकारों का कहना है कि पूरी स्थिति समझने में समय लगता है और गर्मी से होने वाली कई मौतों को आधिकारिक तौर पर उस तरह दर्ज नहीं किया जाता। उदाहरण के लिए, भीषण गर्मी से दिल का दौरा पड़ सकता है, खासतौर पर उन लोगों को जो उम्रदराज हैं और पहले से किसी गंभीर बीमारी से ग्रस्त हैं। लेकिन उनकी मौत होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र में मौत की वजह दिल का दौरा लिखा जा सकता है। अध्ययनकर्ताओं के मुताबिक गर्मियों की शुरुआत चिंताजनक रही है। पिछले कुछ सालों में यूरोप में कई बार भीषण गर्मी पड़ी जिसकी वजह से हजारों लोगों की मौत हुई है। फिर भी, गर्मी के कारण यूरोप में 2003 का साल सबसे ज़्यादा जानलेवा रहा, जिसमें लगभग 70,000 लोगों की मौत हुई थी।



## ऑफ बीट

### भोजन और दवाएं बदल सकती हैं त्वचा का रंग



जब हांगकांग में 84 वर्षीय एक व्यक्ति बढ़े हुए प्रोस्टेट के साथ अस्पताल गया, तो डॉक्टर यह देखकर चौंक गए कि उसकी त्वचा – और यहाँ तक कि उसकी आँखों का सफेद भाग भी धूसर रंग का हो गया था। ये मामले आर्गिरिया नामक स्थिति के उदाहरणों को दर्शाते हैं, जिसमें शरीर में चांदी के कण जमा हो जाते हैं। चांदी कभी अपने रोगाणुरोधी गुणों के कारण चिकित्सा उपचारों में मुख्य आधार थी। लेकिन आधुनिक साक्ष्य दर्शाते हैं कि बहुत अधिक मात्रा में इसके सेवन या अवशोषण से व्यक्ति की त्वचा में ऐसे परिवर्तन हो सकते हैं जो शायद ही कभी फीके पड़ते हैं। आर्गिरिया में, चांदी के आयन रक्तप्रवाह के माध्यम से प्रसारित होते हैं और त्वचा की ऊपरी सतह डर्मिस में समा जाते हैं। डर्मिस सतह के नीचे की एक परत है जहां शरीर उन्हें आसानी से साफ नहीं कर सकता है। यह वह परत है जिसमें टैटू पिगमेंट रहते हैं। इसी तरह की एक दुर्लभ घटना क्रिसियासिस है, जिसमें सोने का त्वचा में जमाव होता है। अतीत में पहले कभी सूजन संबंधी विकारों के लिए सोने पर आधारित उपचार किए जाते थे। कुछ मामलों में, इन उपचारों के बाद रोगियों में एक विशिष्ट भूरा या भूरा–बैंगनी रंग का विरंजन विकसित हुआ, जो आर्गिरिया की तरह, आसानी से ठीक नहीं किया जा सकता था।

## ट्रेंड


### पर्यावरण संरक्षण



प्रधानमंत्री मोदी का 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान आज पूरे देश में पर्यावरण संरक्षण का पर्याय बन रहा है। इसी दिशा में, 'सामूहिक वृक्षारोपण अभियान' के ज़रिए गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र को 'ग्रीन लोकसभा' में बदलने का संकल्प लिया गया है और इस पर काम चल रहा है।

- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### जन आरोग्य मंदिर



आज शकूरपुर में 45 नए आयुष्मान जन आरोग्य मंदिरों का उद्घाटन किया गया। हमारा संकल्प है कि दिल्ली के हर निवासी को उनके घर और कॉलोनी के पास ही बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

- **रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### कोटि-कोटि नमन



1971 की लड़ाई में दुश्मन के जहाज़ों के परखच्चे उड़ाने के लिए परमवीर चक्र से सम्मानित फ्लाइंग ऑफिसर निर्मल जीत सिंह सेखों जी की जयंती पर, मैं उन्हें कोटि-कोटि नमन करता हूँ। आज देश का हर बच्चा उनके बलिदान से प्रेरित है। जय हिंद।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

### धार्मिक संपत्ति



जिन बीजेपी सदस्यों और उनके साथियों ने भगवान के खजाने में हाथ डालने और 'धार्मिक संपत्ति' तक चुराने की हिम्मत की, वे किसी पुजारी या इंसान का क्या सम्मान करेंगे? यह बेहद निंदनीय है! कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

**हमारा पता**
**हरिभूमि कार्यालय**
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# रोहित के संन्यास की अटकलें, बीसीसीआई ने कहा-यह केवल अफवाह

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय क्रिकेट के इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक,रोहित शर्मा के फैंस के लिए एक बड़ी खबर है। 19 जुलाई को ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाला तीसरा और आखिरी मैच रोहित शर्मा के वनडे करियर का आखिरी मैच हो सकता है। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि इस रविवार लॉर्ड्स में रोहित आखिरी बार भारतीय जर्सी में खेलते हुए दिख सकते हैं। वहीं, दूसरी ओर रोहित के संन्यास की अटकलों पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पूर्ण विराम लगा दिया है। बोर्ड का कहना है, कि सोशल मीडिया में चल रही खबरें अफवाह हैं।



## सिलेक्टर्स नहीं कर रहे 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए रोहित पर विचार

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर और हेड कोच गौतम गंभीर ने पिछले हफ्ते रोहित शर्मा से मुलाकात की और टीम इंडिया की लंबी अवधि की योजनाओं पर चर्चा की। सिलेक्टर्स ने साफ कर दिया कि वे 2027 वनडे वर्ल्ड कप के लिए रोहित पर विचार नहीं कर रहे हैं और यह उनकी आखिरी इंटरनेशनल सीरीज हो सकती है। सिलेक्शन कमेटी अब युवा खिलाड़ियों पर ध्यान देना चाहती है, जिसमें यशस्वी जायसवाल को भविष्य के ओपनिंग बल्लेबाज के तौर पर अहम भूमिका के लिए तैयार किया जा रहा है।



## रोहित के माता-पिता पहुंचे लंदन

*इसी बीच, रोहित शर्मा के माता-पिता लंदन पहुंच गए हैं और उनके लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर आखिरी वनडे देखने के लिए मौजूद रहने की उम्मीद है। हालांकि, बीसीसीआई की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा या बयान नहीं आया है कि यह वाकई रोहित शर्मा का आखिरी मैच होगा या नहीं।*


## बोर्ड ने अटकलों पर लगाया विराम

दूसरी ओर रोहित शर्मा के वनडे क्रिकेट से संन्यास की अटकलों पर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पूर्ण विराम लगा दिया है। बीसीसीआई के सचिव देवजीत सैकिया ने स्पष्ट किया है कि लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर इंग्लैंड के खिलाफ होने वाला मुकाबला रोहित शर्मा के वनडे करियर का आखिरी मैच नहीं होगा। मीडिया में कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। मैं पूरी स्पष्टता के साथ यह कहना चाहता हूं कि ऐसी कोई चर्चा नहीं हुई है।

## रोहित का वनडे करियर

रोहित शर्मा के वनडे करियर की बात करें तो उन्होंने साल 2007 में अपने करियर का आगाज किया था। इसके बाद से लेकर अभी तक वह टीम इंडिया के लिए 287 वनडे मैच खेल चुके हैं, लेकिन वनडे वर्ल्ड कप कभी भी भारत के लिए नहीं जीत सके। साल 2011 वनडे वर्ल्ड कप जीतने वाली टीम इंडिया का हिस्सा तो विराट कोहली थे, लेकिन रोहित उस टीम से बाहर रहे थे। इसके चलते रोहित का हमेशा से सपना रहा कि वह भारत के लिए एक बार वनडे वर्ल्ड कप हर हाल में जीतना चाहते हैं।

## खबर संक्षेप



- वेस्टइंडीज के लिए 93 टेस्ट खेले
- फर्स्ट-क्लास में पहली बार 6 गेंद पर 6 छक्के लगाए

### सर गैरी सोबर्स का 89 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज के पूर्व ऑलराउंडर सर गैरी सोबर्स का 89 साल की आयु में निधन हो गया है। एक ओवर की सभी 6 गेंदों पर 6 छक्के लगाने का पहला वर्ल्ड रिकॉर्ड उन्होंने बनाया था। उन्होंने यह कारनामा फर्स्ट-क्लास क्रिकेट में किया था। उन्होंने 1968 में नॉटिंघमशायर की तरफ से खेलते हुए ग्लेमोर्गन के खिलाफ सेंट हेलेन्स मैदान पर एक ओवर में 6 छक्के जड़े थे। सोबर्स ने साल 1953 में 16 साल की उम्र में बारबाडोस के लिए अपना फर्स्ट-क्लास डेब्यू किया था। इसके अगले ही साल 1954 में उन्हें वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम में शामिल कर लिया गया। साल 1958 में पाकिस्तान के खिलाफ उन्होंने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक लगाया और नाबाद 365 रन की पारी खेली। यह टेस्ट मैच की एक पारी में किसी भी बल्लेबाज द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर था, जिसे 1994 में वेस्टइंडीज के ही ब्रायन लारा ने तोड़ा। सोबर्स ने साल 1974 में 38 साल की उम्र में संन्यास ले लिया था।

### पाक स्पिनर नवाज डोपिंग के आरोप में निलंबित

**दुबई।** पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला मोहम्मद नवाज पर डोप टेस्ट में नाकाम रहने के कारण तीन महीने का निलंबन लगाया गया है।



उन्होंने इस साल टी20 विश्व कप के दौरान प्रतिबंधित पदार्थ का सेवन किया था। हालांकि उसका खेल में प्रदर्शन से कोई सरोकार नहीं था। नशीले पदार्थों के सेवन से जुड़ा इलाज पूरा करने पर नवाज की सजा घटाकर एक महीने की कर दी जाएगी। उनके अयोग्य रहने की अवधि एक मई से मानी जाएगी, क्योंकि इसी तारीख से उन्होंने स्वेच्छा से अस्थायी निलंबन शुरू किया था। आईसीसी ने कहा ,' पाकिस्तान के स्पिन गेंदबाजी हरफनमौला मोहम्मद नवाज ने आईसीसी की डोपिंग रोधी आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर तीन महीने का निलंबन स्वीकार कर लिया है।'

## चैंपियंस को मिलेगा अनोखा सम्मान

# विजेता को पहली बार पहनाई जाएगी 'चैंपियनशिप रिंग'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फीफा वर्ल्ड कप 2026 के विजेता खिलाड़ियों को इस बार एक खास सम्मान मिलेगा। विश्व कप के इतिहास में पहली बार चैंपियन बनने वाली टीम के खिलाड़ियों और स्टाफ को ट्रॉफी और गोल्ड मेडल के साथ-साथ चैंपियनशिप रिंग भी दी जाएगी। फीफा ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। फीफा के अनुसार, यह रिंग अमेरिकी खेलों की मशहूर परंपरा से प्रेरित है और पहली बार फुटबॉल विश्व कप का हिस्सा बनेगी। इसका मकसद खिलाड़ियों को उनकी ऐतिहासिक जीत की एक खास याद देना है।




### 2026 पीस का लिमिटेड एडिशन

*फीफा ने बताया कि इस रिंग का कुल 2,026 पीस का लिमिटेड एडिशन बनाया जाएगा। इनमें से 30 रिंग विश्व चैंपियन टीम को मिलेंगी, जबकि बाकी 1,996 रिंग दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के लिए आधिकारिक लाइसेंस प्राप्त उत्पाद के रूप में बिक्री के लिए उपलब्ध होंगी।*

### ऐसी होगी रिंग की डिजाइन


रिंग के एक तरफ फीफा वर्ल्ड कप की ट्रॉफी बनी होगी, जबकि दूसरी तरफ विजेता टीम के अनुसार खास डिजाइन तैयार किया जाएगा। हर रिंग पर अलग नंबर होगा, उसे खिलाड़ी के हिसाब से तैयार किया जाएगा और उसके साथ असली होने का प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा। फाइनल मैच खत्म होने के तुरंत बाद विजेता टीम के कप्तान और हेड कोच को अस्थायी रिंग दी जाएगी। इसके बाद पूरी विजेता टीम के लिए 30 रिंग तैयार की जाएंगी। हर रिंग को खिलाड़ियों के अनुसार कस्टमाइज किया जाएगा और बाद में आधिकारिक रूप से उन्हें सौंपा जाएगा।

# यमाल ने फाइनल से पहले अकेले की रकिवरी ड्रिल

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

स्पेन के स्टार खिलाड़ी लामिन यमाल को लेकर फीफा वर्ल्ड कप फाइनल से पहले फैंस की चिंता बढ़ गई है। यमाल ने अर्जेंटीना के खिलाफ खिताबी मुकाबले से पहले ट्रेनिंग सेशन के दौरान अकेले ट्रेनिंग की। उन्हें लेकर चोट की थोड़ी चिंता पैदा हो गई थी। हालांकि स्पेनिश फ़ुटबॉल फेडरेशन ने तुरंत इन चिंताओं को कम करते हुए कहा कि इस युवा स्टार के रविवार को अर्जेंटीना के ख़िलाफ होने वाले बड़े मुक़ाबले के लिए फिट होने की उम्मीद है।

उम्मीद है कि जब स्पेन अपने दूसरे वर्ल्ड कप खिताब के लिए खेलेगा, तब यमाल उपलब्ध होंगे। यह अलग से ट्रेनिंग सेशन यमाल के लिए एक मुश्किल सेमीफ़ाइनल के बाद हुआ, जिसमें उन्होंने शाम का ज़्यादातर समय फ्रांस के फ़ुल-बैक लुकास डिग्ने और थियो हर्नांडेज से जूझते हुए बिताया था। हालांकि मैच के बाद स्पेन के कोच लुइस डे ला फ़ुएंटे ने जोर देकर कहा कि बार्सिलोना के इस युवा खिलाड़ी को कुछ नहीं हुआ है, फिर भी 90 मिनट के एक और जबरदस्त खेल के बाद उन्हें आमतौर पर होने वाले दर्द और चोटों का सामना करना पड़ रहा था।




### चोट की चिंताओं को स्पेन ने किया कम

स्पेन ने साफ कर दिया है कि वे टूर्नामेंट के सबसे बड़े गेम से पहले कुछ भी किस्मत पर नहीं छोड़ रहे हैं। उन्हें उम्मीद है कि यमाल और पोरो दोनों रविवार के फ़ाइनल से पहले पूरी ट्रेनिंग पर लौट आएंगे और अलग सेशन टीम के रिकवरी शेड्यूल का हिस्सा होगा, न कि किसी नई चोट की चिंता का हिंट है। फ्रांस के खिलाफ जीत के बाद डे ला फुएंते ने माना कि टोटेनहम के डिफेंडर को चोट लगी थी, तो पोरो का मामला थोड़ा और गंभीर लगने लगा।

# मेस्सी बोले- हमें कुछ भी थाली में सजाकर नहीं दिया गया

एजेंसी ▶▶| अटलांटा

लियोनेल मेस्सी ने विश्व कप फुटबॉल में अर्जेंटीना की आलोचना करने वालों को संदेश देते हुए कहा कि 'हमें कुछ भी थाली में सजाकर नहीं दिया गया।' अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने उन आलोचकों को जवाब दिया है, जो पक्षपातपूर्ण फैसलों को लेकर मौजूदा विश्व कप चैंपियन टीम की आलोचना कर रहे हैं। मेस्सी ने कहा कि मैच के अंतिम क्षणों में पिछड़ने के बाद वापसी करने की क्षमता से ही उनकी टीम ने लगातार जीत हासिल की तथा इसमें किसी और चीज का हाथ नहीं है।

### रेफरी के फैसले पर हुई सोशल मीडिया में आलोचना

स्विट्जरलैंड और मिस्र दोनों के कोच ने रेफरी के फैसलों की आलोचना की। मिस्र के होसाम हसन ने तो यहां तक कह दिया कि उनकी टीम उस फुटबॉल व्यवस्था का शिकार हुई है, जो मेस्सी और अर्जेंटीना का पक्ष लेती है। इसके बाद सोशल मीडिया पर भी अर्जेंटीना की आलोचना हुई और आरोप लगाए गए कि विश्व फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था फीफा चाहता है कि अर्जेंटीना एक बार फिर विश्व चैंपियन बने।



## जापान ओपनः बिना खेले सेमीफाइनल में सिंधू

**टोकियो।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू करीब तीन साल में पहली बार सुपर 750 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंच गई जब शुक्रवार को जापान ओपन के महिला एकल क्वार्टर फाइनल से पहले पूर्व विश्व चैंपियन नोजोमी ओकुहारा ने नाम वापिस ले लिया। 2019 विश्व चैंपियन सिंधू आखिरी बार 2023 डेनमार्क ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट के अंतिम चार में पहुंची थी। इस सत्र में वह मलेशिया ओपन सुपर 1000 और आस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 के सेमीफाइनल में भी पहुंची थी।



ओकुहारा को प्री क्वार्टर फाइनल में दक्षिण कोरिया की अन सि यंग के नाम वापिस लेने के बाद अंतिम आठ में प्रवेश मिला था।

### सिंधू का सामना अब चेन युफेइ से

सिंधू का सामना अब तोक्यो ओलंपिक चैंपियन चेन युफेइ से होगा, जिन्होंने दक्षिण कोरिया की सिम यू जिन को 21-10, 21-12 से मात दी।

## कुश्ती रैंकिंग सीरीज

# हंसिका लांबा ने रजत व रजत ने जीता कांस्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बुडापेस्ट कुश्ती रैंकिंग सीरीज में देश के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन जारी है। वीरवार को देर रात खेले गए मुकाबले में हरियाणा के पहवानों ने दो पदक जीते। हिसार की हंसिका लांबा ने 55 किग्रा में रजत पदक अपने नाम किया। 19 साल की हंसिका लांबा को वूमेंस फ्रीस्टाइल कैटेगरी के फाइनल में यूक्रेन की पूर्व जूनियर यूरोपियन चैंपियन नतालिया क्लीवचुत्स्का से 5-0 से हार मिली और उन्हें दूसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। हंसिका लांबा ने क्वार्टर-फाइनल में तुर्की की तुबा डेमिर को 8-4 से हराकर अपने अभियान की शुरुआत की। सेमी-फाइनल मुकाबले में पिछड़ने के बावजूद उन्होंने जर्मनी की अनास्तासिया ब्लेवास को 10-7 से हराया। यह भारतीय रेसलर इस साल शानदार फॉर्म में रही हैं। उन्होंने अपने दो अन्य इंटरनेशनल टूर्नामेंट एशियन चैंपियनशिप और उलानबातर ओपन में कांस्य पदक जीते थे। महिलाओं के 50 किग्रा कैटेगरी में भारत की प्रियांशी



प्रजापत कांस्य पदक से बस एक कदम दूर रह गईं। रेपेचेज के जरिए मौका मिलने के बाद पदक के लिए हुए मुकाबले में उन्हें इक्वाडोर की पूर्व पैन-अमेरिकन चैंपियन जैकलीन मोलोकाना से 4-2 से हार का सामना करना पड़ा। पुरुषों के 125 किग्रा वर्ग में एशियन गेम्स में हिस्सा लेने जा रहे झज्जर के पहलवान रजत रुहल ने कांस्य पदक जीता। उन्हें यह पदक तब मिला जब उनके प्रतिद्वंद्वी



अमेरिका के मेसन पैरिस ने चोट के कारण वॉकओवर दे दिया। इससे पहले रजत क्वार्टर-फाइनल में पोलैंड के कामिल कोसिओलेक से हार गए थे, लेकिन रेपेचेज राउंड में रिपब्लिक ऑफ कोरिया के ग्वानुक किम को 8-4 से हराकर पदक मैच में जगह बनाई। वर्ल्ड चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली अंतिम पंघाल शनिवार को महिलाओं के 53 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी।

# तीसरा वनडे : न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हराया, सीरीज में 2-1 से आगे

## लेनोक्स को 4 विकेट, विंडीज ने 19 रन पर 6 विकेट खोए

एजेंसी ▶▶| प्रोविडेंस

बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज जेडन लेनोक्स की लगातार दूसरे मैच में शानदार गेंदबाजी से वेस्टइंडीज की टीम अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रही, जिससे न्यूजीलैंड ने तीसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच 6 विकेट से जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली।

पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज का स्कोर एक समय 1 विकेट पर 67 रन था लेकिन इसके बाद उसकी बल्लेबाजी ताश के पत्तों की तरह बिखर गई और पूरी टीम 37.1 ओवर में 140 रन पर ढेर हो गई। वेस्टइंडीज की तरफ से



केवल तीन बल्लेबाज दोहरे अंक में पहुंचे। इनमें कीसी कार्टी ने सर्वाधिक 48 रन बनाए। उनके अलावा अकीम ऑगस्ट (26) और शिमरोन हेटमायर (26) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए। मिशेल सैंटनर ने 8.1 ओवर में 15 रन देकर दो और माइकल ब्रैसवेल ने 33 रन देकर दो विकेट लिए। न्यूजीलैंड ने 39.3 ओवर में चार विकेट पर 141 रन बनाकर जीत हासिल की। हेनरी निकोल्स ने 24 और विल यंग ने 23 रन बनाकर पहले विकेट के लिए मजबूत साझेदारी की। डैरिल मिचेल ने बीच के ओवरों में 28 रन बनाए तथा टॉम लैथम और डीन फॉक्सक्रॉफ्ट ने पांचवें विकेट के लिए 52 रन की अटूट साझेदारी करके न्यूजीलैंड को जीत दिलाई। लैथम एक बार फिर भरोसेमंद साबित हुए। उन्होंने 53 गेंदों में नाबाद 31 जबकि फॉक्सक्रॉफ्ट ने 28 गेंदों में नाबाद 22 रन बनाए।

## सितंबर में समरकंद में होगा आयोजन

# 'फिडे एक्सीलेंस' दौड़ में गुकेश, प्रज्ञानानंदा और दिव्या

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विश्व चैंपियन डी गुकेश, आर प्रज्ञानानंदा और दिव्या देशमुख उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं, जो पहले 'फिडे एक्सीलेंस' पुरस्कारों में सर्वश्रेष्ठ शतरंज खिलाड़ी के सम्मान की दौड़ में है। इसका आयोजन सितंबर में उज्बेकिस्तान के समरकंद में 46वें ओलंपियाड के साथ किया जाएगा।

गुकेश, प्रज्ञानानंदा और अर्जुन एरिगेसी उन 10 खिलाड़ियों में शामिल हैं, जिन्हें सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी के लिए नामांकित किया गया है और इसमें दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन भी शामिल हैं। विश्व कप विजेता दिव्या, दो बार की विश्व रैपिड





चैंपियन कोनेरु हम्पी और महिला कैंडिडेट्स टूर्नामेंट की विजेता वैशाली उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है।

### गुकेश और दिव्या 'बेस्ट ब्रेकथ्रू परफॉर्मेंस' वर्ग में नामांकित

गुकेश और दिव्या को उनके वैश्विक खिताब के लिए 'बेस्ट ब्रेकथ्रू परफॉर्मेंस' वर्ग में भी नामांकित किया गया है। इस साल की शुरुआत में शुरू किए गए ये पुरस्कार हर दो साल में दिए जाएंगे और दो साल के समय में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को सम्मानित किया जाएगा। शुरुआती पुरस्कारों में सितंबर 2024 से अगस्त 2026 तक की उपलब्धियों को शामिल किया गया है।अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) को 'सर्वश्रेष्ठ महासंघ' के वर्ग में नामांकित किया गया है।

## खबर संक्षेप

### स्कूल बस हादसे में 20 बच्चों सहित 21 की मौत

**कंपाला।** पूर्वी अफ्रीकी देश युगांडा में एक दर्दनाक सड़क हादसे में 20 बच्चों और एक वयस्क की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, यह हादसा गुरुवार रात कपचोरवा जिले में हुआ। किंग डेविड जूनियर स्कूल की बस शैक्षणिक भ्रमण के बाद सिपी फॉल्स से राजधानी कंपाला लौट रही थी। इसी दौरान चालक बस पर नियंत्रण खो बैठा। बस सड़क से उतरकर एक चट्टान से टकराई और पलट गई। हादसे में कई बच्चे और तीन वयस्क घायल हुए हैं।



### गैंगस्टर नीतीश कौशल अमेरिका में गिरफ्तार

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (बीबीआई) ने बताया कि पंजाब स्थित भगवानपुरिया गिरोह से जुड़े नीतीश कौशल को अमेरिकी कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने वर्मोंट में गिरफ्तार कर लिया है। यह गिरफ्तारी 'ऑपरेशन हार्ड बॉल' के नाम से जाने अभियान के तहत किया गया है। बता दें कि यह गिरफ्तारी भारत से जुड़े तीन संगठित अपराध समूहों के 15 सदस्यों की अमेरिका में गिरफ्तारी के कुछ हफ्तों बाद हुई है।



## विधानसभा सत्र में विधायक जलाल ने प्रस्ताव पेश किया था

# गिलगित-बाल्टिस्तान को अलग राज्य बनाने का प्रस्ताव पारित

**पाक में बगावत के कई सुर सरकार की बढ़ी मुश्किलें**

## सत्तापक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने दिया समर्थन

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में हो रहे विरोध प्रदर्शन के बीच गिलगित-बाल्टिस्तान विधानसभा ने पाकिस्तान की केंद्र सरकार से एक खास मांग की है। इस नई मांग से पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। दरअसल, विधानसभा ने इस पहाड़ी क्षेत्र को अस्थायी प्रांत का दर्जा देने के लिए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पास किया है। इस प्रस्ताव में क्षेत्र के लोगों को संवैधानिक और राजनीतिक अधिकार देने की मांग की गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, गुरुवार को विधानसभा सत्र में विधायक जलाल अली शाह ने यह प्रस्ताव पेश किया था। इस प्रस्ताव को सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के सदस्यों ने अपना पूरा समर्थन दिया।



पीओके में प्रदर्शन करते लोग

### पुराने आदेशों का दिया हवाला

प्रस्ताव में कहा गया है कि साल 2009 के 'गिलगित-बाल्टिस्तान सशक्तिकरण और स्वशासन आदेश' ने यहां एक चुनी हुई विधानसभा बनाई थी। इससे स्वशासन को बढ़ावा मिला था। इसके बाद, साल 2018 के आदेश ने विधानसभा को कानून बनाने के अधिकार दिए। यह फैसला दिवंगत नेता सरताज अजीज की अध्यक्षता वाली कमेटी की सिफारिशों पर लिया गया था। अब विधानसभा ने पाकिस्तान की केंद्र सरकार से मांग की है कि वह इस कमेटी की सिफारिशों को लागू करे।

### भारत का कड़ा रुख

दूसरी तरफ, भारत इस मामले पर हमेशा से अपना रुख साफ रखता आया है। भारत का कहना है कि गिलगित-बाल्टिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर सहित पूरा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा हैं। नई दिल्ली ने पाकिस्तान के इस क्षेत्र की स्थिति बदलने के प्रयासों को हमेशा खारिज किया है। भारत का कहना है कि पाकिस्तान के ऐसे कदमों का कोई कानूनी आधार नहीं है और इससे जमीनी हकीकत नहीं बदल सकती।

### बलूचिस्तान में बीएलए के हमले में 45 पाकिस्तानी जवान मारे जाने का दावा

**क्वेटा।** बलूचिस्तान के मस्तंग जिले में पाकिस्तानी सैन्य काफिले को निशाना बनाकर किए गए है। इस हमले की जिम्मेदारी बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने ली है। उसने दावा किया है कि इस ऑपरेशन के दौरान 45 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए हैं। वहीं, दर्जनों घायल हुए।



### सैन्य काफिले पर बढ़ते हमले

इस महीने की शुरुआत में, बलूचिस्तान के ग्वादर जिले के जिवानी क्षेत्र में पाकिस्तान तटरक्षक बल के एक शिविर पर हुए हमले की जिम्मेदारी बीएलए ने ली थी, जिसके परिणामस्वरूप 30 से अधिक सुरक्षाकर्मी मारे गए और कई अन्य घायल हो गए थे। यह हमला जिवानी के पनवान इलाके में हुआ, जहां समूह के मजीद ब्रिगेड के एक सदस्य ने विस्फोटक से भरी माजदा गाड़ी को तटरक्षक शिविर में घुसा दिया और उसमें विस्फोट कर दिया था।

### 5 अगस्त को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी इमरान खान की पार्टी पीटीआई



पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान तीन साल से जेल में बंद हैं। इसके खिलाफ उनकी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने 5 अगस्त को पूरे पाकिस्तान में देशव्यापी विरोध प्रदर्शन करने का आह्वान किया है। 5 अगस्त को इमरान खान को जेल में बंद होने के तीन साल पूरे हो रहे है।

## इंडियन बुलेट-ट्रेन प्रोजेक्ट लेट होने से पूर्व जापानी मंत्री नाराज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**हमने मेहनत की, भारतीय मंत्री का रवैया खराब, वादों-शर्तों से पलटे: माकिहारा**

भारत के बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट में देरी होने पर जापान के पूर्व न्याय मंत्री हिदेकी माकिहारा ने भारत पर ही गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि देरी की सबसे बड़ी वजह भारतीय मंत्री का रवैया रहा। माकिहारा ने कहा कि मैं खुद प्रोजेक्ट से जुड़ा रहा। जापानी टीम ने पूरी मेहनत की, लेकिन उम्मीद के मुताबिक नतीजे नहीं मिले। भारतीय पक्ष ने वादे पूरे नहीं किए, समझौतों से पीछे हट गए। अपने हिसाब से शर्तें बदलते रहे। इसी वजह से प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ा। माकीहारा ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट को लेकर यह बात कही। पीएम नरेंद्र मोदी और जापानी के पूर्व पीएम शिंजो आबे ने 14 सितंबर 2017 में इस प्रोजेक्ट का इनॉगरेशन किया था।



### भारत ने आरोप खारिज किए

भारत सरकार ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना को लेकर जापान के साथ मतभेद की खबरों को खारिज किया है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पूर्व जापानी मंत्री की टिप्पणी उनकी निजी राय है और उसका वास्तविक स्थिति से कोई मेल नहीं है।

## ईरान में लगा ट्रंप के नाम का बिलबोर्ड



**इसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को ताबूत में दिखाया गया**

**तेहरान।** अमेरिका और ईरान के बीच फिर से शुरू हुए सैन्य हमलों के बीच तेहरान के एंगेलाब स्क्वायर में एक बड़ा सा बोर्ड लगाया गया, जिसमें अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को एक खुले काले ताबूत के अंदर दिखाया गया। बिलबोर्ड में ट्रंप को आंखें और मुंह बंद करके लेटे हुए दिखाया गया। उनके बाल बिखरे हुए थे, हाथ लाल टाई पर रखे थे और पैर ऊपर की ओर थे। तस्वीर में ईरान के दिवंगत नेता अली खामेनेई के अंतिम संस्कार के समय इस्तेमाल किए गए काले कंक्रीट बैरियर को ताबूत के आकार में सजाया गया था, जिसके अंदर ट्रंप को लेटे हुए दिखाया गया था। ताबूत पर सफेद रंग से फारसी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में हम ट्रंप को मार डालेंगे लिखा हुआ था। यह घटनाक्रम तब हुआ है जब अमेरिकी सेना ने ईरान के खिलाफ अपना अभियान तेज कर दिया है। उसने उत्तर की ओर कई ठिकानों पर हमले किए और साथ ही एक ऐसे जहाज को भी निशाना बनाया जिस पर इस्लामिक रिपब्लिक की नौसैनिक नाकेबंदी को तोड़ने की कोशिश करने का आरोप था।

## सोमवार को लेंगे स्टारमर की जगह

# एंडी बर्नहम होंगे यूके के नए पीएम लेबर पार्टी के नए नेता भी चुने गए

एजेंसी ▶▶ लंदन



शुक्रवार को मध्य-वामपंथी लेबर पार्टी ने घोषणा की कि एंडी बर्नहैम को पार्टी का नया नेता चुन लिया गया है। वह सोमवार को कीर स्टारमर की जगह लेंगे और आधिकारिक तौर पर यूनाइटेड किंगडम के अगले पीएम बनेंगे। निवर्तमान पीएम कीर स्टारमर की जगह लेने के लिए हुए इस नेतृत्व चुनाव में बर्नहैम एकमात्र उम्मीदवार थे। उन्होंने हाउस ऑफ कॉमन्स में 403 लेबर सांसदों में से 379 का समर्थन और नामांकन हासिल किया, जो इस प्रक्रिया में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक सीमा से कहीं अधिक था। ब्रिटेन की गृह सचिव और लेबर पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारी समिति की अध्यक्ष शबाना महमूद ने लंदन में आयोजित एक विशेष पार्टी सम्मेलन में यह आधिकारिक घोषणा की। चुनाव के एकतरफा होने पर टिप्पणी करते हुए उन्होंने कहा कि केवल एक ही सांसद नामित था, इसलिए इसमें कोई सस्पेंस नहीं था। सोमवार को निवर्तमान पीएम कीर स्टारमर औपचारिक रूप से सम्राट किंग चार्ल्स तृतीय को अपना इस्तीफा सौंपेंगे।

## मेक्सिको में 7.3 तीव्रता का भूकंप

**मेक्सिको।** अमेरिका के पड़ोसी देश मेक्सिको शुक्रवार को भूकंप के तेज झटकों से कांप उठा। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई है। भूकंप के कारण सुनामी की चेतावनी जारी की गई है। यूनाइटेड स्टेट्स जियोलॉजिकल सर्वे ने बताया कि मेक्सिको में आए भूकंप से प्यूर्टो माडेरो सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है।

## गुजरात एटीएस ने जैश-ए-मोहम्मद मॉड्यूल के 5 और संदिग्ध पकड़े

**नई दिल्ली।** गुजरात एंटी-टेररिस्ट स्क्वाड ने जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी मॉड्यूल से जुड़े 5 संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। इन सभी को पाटन जिले के सिद्धपुर तालुका के खाडियाल गांव से पकड़ा गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान बिलाल आबिदभाई शेरा, मोहम्मद अयूब कादीवाला, मोहम्मद पालनपुरी उर्फ खाली अयूब सुनसारा, शफिया रईस मुख्ती और मोहम्मद हसन कार्डिया के रूप में हुई है। इससे पहले 3 जुलाई को जैश से जुड़े 8 संदिग्धों को पकड़ा गया था। इनसे पूछताछ के बाद यह कार्रवाई की गई और इन पांचों को पकड़ा।


## इजराइल की संसद भंग

**तेल अवीव।** इजराइल की संसद (कनेसेट) शुक्रवार को आधिकारिक तौर पर भंग हो गई। अब देश में 27 अक्टूबर को आम चुनाव होंगे। संसद के भंग होने से पहले पीएम बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार ने कई अहम और विवादित विधेयकों को पारित कराया। इनमें अल्ट्रा-ऑर्थोडॉक्स (हारेदी) समुदाय के पुरुषों की सैन्य भर्ती पर रोक से जुड़ा कानून और न्यायपालिका में सरकार का दखल बढ़ाने वाले प्रावधान शामिल हैं।

## सतीश धवन स्पेस सेंटर से आज होगा लॉन्च

# पीएम मोदी का हाथ से लिखा 'वंदे मातरम' पोस्टकार्ड लेकर उड़ान भरेगा निजी रॉकेट विक्रम-1

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद





निजी स्पेस स्टार्टअप स्काईरूट एयरोस्पेस ने शुक्रवार को घोषणा की कि सतीश धवन स्पेस सेंटर से पीएम नरेंद्र मोदी का हाथ से लिखा पोस्टकार्ड, जिस पर 'वंदे मातरम' लिखा है, 18 जुलाई को कंपनी की विक्रम-1 टेस्ट फ्लाइट-1 के जरिए अंतरिक्ष में भेजा जाएगा। एक्स पर एक पोस्ट में स्काईरूट एयरोस्पेस ने कहा कि इस मिशन में ले जाए जाने वाले खास पेलोड में पीएम मोदी का हाथ से लिखा संदेश भी शामिल होगा। साथ ही, कंपनी की टीम, निवेशकों, नीति-निर्माताओं और दुनिया भर के शुभचिंतकों के हाथ से लिखे नोट भी इसमें शामिल होंगे। ये यादगार चीजें 'मिशन आगमन' का हिस्सा हैं, जिसे कंपनी ने कई हाथों से आगे बढ़ाया गया और लाखों लोगों द्वारा साझा किया गया एक उत्सव है। यादगार चीजों के अलावा, विक्रम-1 में कॉस्मोसर्व, डी-क्यूब्ड और स्काईरूट के अपने स्कोप से टेक्नोलॉजी डेमोंस्ट्रेशन पेलोड ले जाए जाएंगे।

## मुम्बई: टीचर ने गोदावरी में कार गिराई, खुद व 2 बच्चों की जान ली



**मुंबई।** महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में शुक्रवार सुबह एक स्कूल टीचर ने कथित तौर पर अपनी कार गोदावरी नदी में कूदा दी। इस हादसे में टीचर और उनके दो बच्चों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने आत्महत्या की आशंका जताई है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, हिमायतनगर के पोटा बुद्रुक जिला परिषद स्कूल में तैनात सुनील मोरे (42) सुबह करीब 8 बजे अपने कार से बेटी सारा (12) और बेटे सुमित (8) के साथ अमदुरा-पुणेगांव रोड पर पहुंचे। यहां गोदावरी नदी पर बने पुल की मेटल रेलिंग से उन्होंने कार टकरा दी। कार बैरियर तोड़कर सीधे नदी में जा गिरी। हादसे के समय उनकी पत्नी घर पर थीं।पुलिस ने बताया कि हादसे से पहले सुनील मोरे ने अपने व्हाट्सएप स्टेटस पर पोस्ट किया था। इसमें उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके सीनियर उन्हें परेशान कर रहे हैं। साथ ही लिखा था कि वह अपने दो बच्चों के साथ जान दे देंगे। पुलिस अधिकारी ने कहा कि प्रारंभिक जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। मोरे के दावों की जांच की जा रही है। तीनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28